सोमवार
02 सितंबर 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



विधानसभा चुनाव में 40 सीटों पर मुसलमानों को टिकट देगा जनसुराज: पीके

2



# त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति बदलनी होगी: राष्ट्रपति

- राष्ट्रपति ने जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित
- बोलीं- अदालतों में लंबित मामले सभी के लिए बड़ी चुनौती हैं, इसे प्राथमिकता देते हुए समाधान ढूंढना चाहिए
- न्याय की रक्षा करना देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास किए जाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि अदालतों में लंबित मामले सभी के लिए बड़ी चुनौती हैं। इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए और समाधान ढूंढना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय की रक्षा करना देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है। अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि रेप के मामलों में इतने समय में फैसला आता है। देरी की वजह से लोगों को लगता है कि संवेदना कम है।

## न्याय और अन्याय का निर्णय करने वाला धर्म शास्त्र है

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महाभारत में उच्चतम न्यायालय के ध्येय वाक्य, यतो धर्मः ततो जय, का कई बार उल्लेख हुआ है, जिसका भावार्थ है कि जहां धर्म है, वहां विजय है। उन्होंने कहा कि न्याय और अन्याय का निर्णय करने वाला धर्म शास्त्र है। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में लोगों का विश्वास सुनिश्चित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हो रहे अपराध को लेकर कहा कि ये देश में गंभीर चिंता का विषय बन गया है। राष्ट्रपति ने न्यायाधीशों से अपील की कि वो इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करें, ताकि महिलाओं और पूरे समाज में सुरक्षा की भावना पैदा हो सके। राष्ट्रपति ने उच्चतम न्यायालय का ध्वज और प्रतीक चिह्न भी जारी किया।

## लंबित मामले कम करने को बनाई गई है ठोस योजना : सीजेआई

इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि लंबित मामलों की संख्या को कम करने के लिए एक ठोस योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तीन मुख्य चरण हैं। जिसमें पहले चरण में जिला स्तर पर मामलों के प्रबंधन के लिए समितियों का गठन किया जाएगा। ये समितियां लंबित मामलों और रिकॉर्ड की स्थिति की जांच करेंगी। दूसरे चरण में, उन मामलों का निपटारा किया जाएगा जो 10 से 30 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। तीसरे चरण में, जनवरी 2025 से जून 2025 तक दस वर्षों से अधिक समय से लंबित मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके लिए विभिन्न तकनीकी और डाटा प्रबंधन प्रणालियों की जरूरत होगी। लंबित मामलों से निपटने के अन्य उपायों में विवादों का समाधान करने की पहल भी शामिल है।

## न्यायालयों तक पहुंच को बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में शामिल

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हमें यह स्थिति बदलनी होगी कि हमारे जिला न्यायालयों में केवल 6.7 फीसदी इन्फ्रास्ट्रक्चर ही महिलाओं के अनुकूल है। आज के समय में जब कुछ राज्यों में भर्ती में 60 फीसदी से 70 फीसदी महिलाएं हैं, तो क्या यह स्वीकार्य है? हमारी प्राथमिकता है कि न्यायालयों तक पहुंच को बढ़ाया जाए। इसके लिए हम इन्फ्रास्ट्रक्चर का ऑडिट करेंगे, कोर्ट में मेडिकल सुविधाएं आदि स्थापित करेंगे और ई-सेवा केंद्र व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपकरणों का उपयोग बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हमारे न्यायालय समाज के सभी लोगों के लिए सुरक्षित और अनुकूल हों, खासतौर पर महिलाओं, दिव्यांगों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य संवेदनशील समूहों के लिए।

### एम्स ऋषिकेश में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जताई चिंता

# जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या की घटना निर्भया कांड से भी ज्यादा बर्बर: उपराष्ट्रपति

- बोले उपराष्ट्रपति- डॉक्टर बेटी के साथ हुई निर्ममता से पूरी डॉक्टर बिरादरी, नर्सिंग स्टॉफ, हेल्थ वारियर्स चिंता में हैं, परेशानी में हैं और दुखी हैं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कोलकाता में जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या की घटना को 2012 में हुए निर्भया कांड से भी ज्यादा बर्बर बताते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि देश को एक क्रांतिकारी, सुरक्षित और प्रणालीगत प्रक्रिया अपनानी होगी, जिससे भविष्य में मानवता की सेवा में लगे किसी क्षेत्र को कभी कोई खतरा न हो। ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि 2012 में दर्दनाक निर्भया कांड हुआ, जिसने देश को हिलाकर रख दिया और कानून में बदलाव हुआ। उन्होंने कहा कि यह उससे भी अधिक (बर्बर) है । यह ऐसा वक्त है, जब पूरी दुनिया हमें देख रही है। हम ऐसे देश हैं, जो दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं। हमने गर्व से दुनिया के सामने वसुधैव कुटुंबकम पेश किया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे कुटुंब की बेटी ने जनता की सेवा करने में न दिन देखा और न रात। उसके साथ निर्ममता की अकल्पनीय हद तक (बलात्कार किया गया)... और (फिर) कत्ल हुआ। उन्होंने कहा कि इससे पूरी डॉक्टर बिरादरी, नर्सिंग स्टॉफ, हेल्थ वारियर्स चिंता में हैं, परेशानी में हैं और दुखी हैं।



## समाज अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता, जवाबदेही दिखानी होगी

धनखड़ ने कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में हुई नौ अगस्त की घटना को 'बर्बर' बताया और कहा कि बर्बर घटनाएं पूरी सभ्यता को शर्मसार कर देती हैं और उस आदर्श को खंडित कर देती हैं, जिसके लिए भारत जाना जाता है। इसके लिए कठोर दंड को एक समाधान मानते हुए धनखड़ ने कहा जिसने भी यह किया है, उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा, लेकिन समाज को भी इसके लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। समाज अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। खुद एक संवैधानिक पद पर होने के नाते उन्हें भी अपनी जवाबदेही दिखानी होगी। छोटी-छोटी घटनाओं पर शोर मचाने वाले गैर सरकारी संगठनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे आज 'शांत अवस्था' में हैं। उनकी चुप्पी नौ अगस्त 2024 को हुए इस जघन्य अपराध के अपराधियों के कृत्य से भी बदतर है।

## कुछ लोग अपने बयानों से जख्मों पर नमक छिड़क रहे

उपराष्ट्रपति ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कुछ लोग इस घटना पर अपने बयानों से जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं। एक सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा घटना को 'सिम्पटोमेटिक मलाइस' बताए जाने का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैं ऐसी गुमराह आत्माओं से अपने विचारों पर दोबारा विचार करने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का आह्वान करता हूं। यह समय राजनीतिक चश्मे से देखने का नहीं है। राजनीतिक चश्मा खतरनाक होता है और आपकी निष्पक्षता को खत्म कर देता है। रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन की चिंताओं का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि चीजें आकार लेंगी। उन्होंने कहा कि चिंता दूर होनी चाहिए और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसा होगा। लोकतंत्र के सभी हितधारकों के एक जगह पर साथ आने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा में लगे इस श्रेणी के लोगों में असुरक्षा खत्म होनी चाहिए। अगर भारत की राष्ट्रपति ने इस पर अपनी चिंता व्यक्त की है, तो आप मुझसे यह वादा ले सकते हैं कि ऐसा जरूर होगा।

# नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आईजी की बेटी की संदिग्ध स्थिति में मौत



**लखनऊ।** लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में एक छात्रा की संदिग्ध मौत हुई है। छात्रा का नाम अनिका रस्तोगी है। छात्रा के पिता एनआईए में दिल्ली आईजी पद पर तैनात हैं। छात्रा का शव हॉस्टल कमरे के फर्श पर पड़ा मिला है। बताया जा रहा है कि 19 साल की अनिका राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में एलएलबी की तीसरे वर्ष की छात्रा थी। बड़े आईपीएस अधिकारी की बेटी की मौत से हड़कंप मचा हुआ है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अनिका जमीन पर बेहोश पड़ी मिली थी। जानकारी के मुताबिक, अनिका रस्तोगी रात को अपने कमरे में गई थी। उसके बाद जब उसके साथी कमरे में आए तो अनिका ने गेट नहीं खोला। गेट खटखटाने पर भी गेट नहीं खुला तो दोस्तों ने गेट तोड़ा। अंदर देखा को अनिका जमीन पर बेहोश पड़ी थी।

# जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से केसी त्यागी का इस्तीफा

- राजीव रंजन को बनाया गया जेडीयू का नया राष्ट्रीय प्रवक्ता
- केसी त्यागी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए छोड़ा पद

**केटी न्यूज/पटना**



जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके स्थान पर राजीव रंजन को जेडीयू का नया राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। पार्टी के महासचिव आफाक अहमद खान ने एक पत्र जारी कर इस बदलाव की जानकारी दी। जेडीयू महासचिव आफाक अहमद खान के जारी पत्र में लिखा गया है कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नीतीश कुमार (मुख्यमंत्री, बिहार) ने राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है। केसी त्यागी, जो प्रवता के पद पर पार्टी में हैं, उन्होंने निजी कारण से पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है।

## 22 मई 2023 को बनाया गया था मुख्य प्रवक्ता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ लंबे समय तक काम कर चुके किशनचंद त्यागी को जनता दल यूनाईटेड की 22 मई 2023 एक बार फिर इज्जत के साथ पद पर वापसी हुई थी। इस बार उन्हें विशेष सलाहकार बनाया गया, लेकिन मुख्य धारा में रखने के लिए राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी दी गई। राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता के पद से उन्हें मार्च महीने में हटाया गया था, तब उन्होंने कहा था कि वह पार्टी के किसी जिम्मेदारी वाले पद पर खुद काम नहीं करना चाहते हैं।

**कई बयानों से किया केंद्र सरकार की योजनाओं का विरोध:** केसी त्यागी ने कई मुद्दों पर ऐसे बयान दिए जिसने मोदी सरकार को सोचने पर मजबूर कर दिया था। अग्निपथ स्कीम को लेकर केसी त्यागी ने कहा था कि अग्निपथ स्कीम पर दोबारा से विचार करने की जरूरत है। इसके अलावा उन्होंने यूनिफॉर्म सिविल कोड और वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर भी अपना पक्ष रखा था।

# गंगा नदी के भागड़ में डूब गए दो चचेरे भाई

- भोजपुर जिले के खवासपुर थाना क्षेत्र के रामफल के टोला गांव के पास घटी घटना
- बाढ़ के पानी में नहाने के दौरान हुआ हादसा, दोनों की उम्र महज 14 और 15 साल है

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के खवासपुर थाना क्षेत्र के रामफल के टोला गांव स्थित गंगा नदी के भागड़ में डूबने से चचेरे भाइयों की मौत हो गई। नहाने के दौरान यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार मृतकों में खवासपुर थाना क्षेत्र के रामफल के टोला गांव निवासी संजय यादव का 15 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार यादव एवं उसी गांव के निवासी चंदेश्वर यादव का 14 वर्षीय पुत्र विजेंद्र कुमार यादव है। वह दोनों रिश्ते में चचेरे भाई थे एवं दसवीं कक्षा का छात्र थे। घटना की सूचना पाकर लोजपा जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान, जिप सदस्य धनंजय यादव, पूर्व जाप नेता रघुपति यादव, राजद नेता हकीम प्रसाद, पूर्व जीप उपाध्यक्ष शैलेंद्र राम सहित कई पार्टी के नेता आरा सदर अस्पताल पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढ़स बंधाया।

इधर मृतकों के चचेरे भाई धनु कुमार ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ जाने के कारण उनका गांव बाढ़ के पानी में डूब गया है। रविवार की सुबह पहले वह दोनों घर के सामने ही बाढ़ के पानी में नहा रहे थे। कुछ देर बाद वह दोनों गांव किनारे गंगा नदी के भागड़ में नहाने चले गए। जहां नहाने के दौरान वह डूब गए। इसके बाद वहां मौजूद ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना उन्हें मिली जिसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने कठिन परिश्रम के पश्चात उन्हें पानी से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन सोनवर्षा गांव स्थित पीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता ने परिवार के साथ खाया जहर, सभी की मौत

**एजेंसी/रायपुर**

छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में कांग्रेस के एक सीनियर नेता ने पूरे परिवार के साथ जहर खा लिया। उनकी बिलासपुर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने उनके घर को सील कर दिया और इसकी जांच जुटी हुई है। शहर कोतवाली इलाके के जांजगीर क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 के रहने वाले कांग्रेस नेता पंचराम यादव ने पत्नी दिनेश नांदनी यादव (55), बेटों सूरज यादव (27) और नीरज यादव (32) के साथ जहर का सेवन किया था, जिन्हें जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बाद में उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, पंचराम यादव ठेकेदारी का काम करते थे और उन्होंने पहले दो बैंकों से 40 लाख रुपये का लोन लिया था। वो हार्ट के पेशेंट भी थे, जबकि उनकी पत्नी कैंसर की बीमारी से जूझ रही थी। नीरज यादव प्राइवेट नौकरी करता था। सूरज यादव ठेकेदारी का काम करता था। अंदेशा है कि कर्ज के दबाव के कारण ही उन्होंने जहर

### एनएचएम मिशन निदेशक ने 31 स्वास्थ्य इकाइयों का जल्द स्टेट एसेसमेंट कराने के दिये निर्देश

# उप्र के 30 और अस्पतालों को मिला एनक्वॉस, संख्या 300 पार

**केटी न्यूज/लखनऊ**

प्रदेश की 30 और स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वॉस) सर्टिफिकेट मिला है। वहीं,बड़ी बात यह है कि रामपुर जिला महिला अस्पताल को एनक्वॉस, लक्ष्य और मुस्कान तीनों प्रमाण पत्र प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में एनक्वॉस प्रमाणित स्वास्थ्य इकाइयों की संख्या बढ़कर 307 पहुंच गई है। यह प्रमाण पत्र प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों को गुणवत्तापूर्ण इलाज, स्वास्थ्य के मानकों को पूरा करने एवं उस पर खरा उतरने की वजह से मिला है। बता दें कि एनक्वॉस के तहत स्वास्थ्य इकाइयों की सेवा गुणवत्ता के मूल्यांकन के लिए किए गए ठोस प्रयासों से प्रेरित होकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक ने हाल ही में प्रदेश के सभी अपर निदेशकों व सीएमओ को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि वर्ष 2025 के अंत तक प्रदेश की 50 प्रतिशत और वर्ष 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वॉस प्रमाणित कराने के निर्धारित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में अपने कार्य को गति दें। साथ ही, उन्होंने विभिन्न जिलों की 31 और स्वास्थ्य इकाइयों का जल्द स्टेट एसेसमेंट करने के निर्देश दिये हैं।




## सात सितंबर तक सभी इकाइयों का एसेसमेंट कराने का निर्देश

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि उन्होंने 24 जनपदों की 31 स्वास्थ्य इकाइयों का स्टेट एसेसमेंट कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र लिखा है। इसमें निर्देशित किया गया है कि सात सितंबर तक इन सभी इकाइयों का एसेसमेंट करा लिया जाए ताकि फिर से नेशनल टीम आंकलन करने आ सके। अगर यह सभी इकाइयां स्टेट के बाद नेशनल एसेसमेंट में भी मानक के अनुरूप मिलीं तो इनको भी एनक्वॉस मिल जाएगा।

## इन जिलों की स्वास्थ्य इकाइयों को मिला एनक्वॉस प्रमाण पत्र

एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. निशांत जायसवाल के अनुसार जिन 30 स्वास्थ्य इकाइयों को हाल में एनक्वॉस प्रमाण पत्र मिला है। उनमें रामपुर जिला महिला अस्पताल के अलावा शाहजहांपुर की तिलहर, कानपुर देहात की गजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और लखनऊ की अर्बन पीएचसी शामिल हैं। इसके अलावा फतेहपुर व प्रयागराज के तीन-तीन, गाजियाबाद, बिजनौर व शाहजहांपुर के दो-दो, लखनऊ, गाजीपुर, श्रावस्ती, सहारनपुर, संभल, हमीरपुर, कानपुर देहात, मिर्जापुर, सहारनपुर, गोण्डा, बहराइच, हरदोई, फरुर्खाबाद, कुशीनगर के एक-एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्वॉस प्रमाण पत्र मिला है।



# विधानसभा चुनाव में 40 सीटों पर मुसलमानों को टिकट देगा जनसुराजः पीके

- जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में राजद पर जमकर निकाली भड़ास
- बोले- मुसलमान के रहनुमा होने का दावा करनेवाले हिम्मत है तो मुसलमानों की जितनी आबादी है उसको उतना सीट देकर दिखाओ



**केटी न्यूज/पटना**

प्रशांत किशोर रविवार को पटना में राजद पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि 30 वर्षों से मुसलमान के रहनुमा होने का दावा करने वाले अगर हिम्मत है तो मुसलमानों की जितनी आबादी है उसको उतना सीट देकर दिखाओ। उन्होंने एलान करते हुए कहा कि जन सुराज बिहार विधान सभा चुनाव में 40 सीटों पर मुसलमानों को टिकट देगा और जहां राजद मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा करेगा वहां मैं हिन्दू उम्मीदवार खड़ा करुंगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमारी लड़ाई राजद से नहीं है, बल्कि सीधे एनडीए से है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगले साल 2025 में जन सुराज का मुख्यमंत्री बनेगा। राजद न तीन में है न तेरह में।

प्रशांत किशोर ने कहा कि उनकी पार्टी में 18 प्रतिशत मुस्लिमों की भागीदारी होगी. उन्होंने कई मायनों में मुसलमानों को भी दलितों से पिछड़ा बताया और कहा कि समुदाय ने अपने नेताओं तो चुनने में गलती की। प्रशांत किशोर ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर आरोप लगाते हुए कहा कि लालू प्रसाद की पार्टी ने मुसलमानों में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का डर बिठा दिया है। पीके ने कहा कि जन सुराज में मुसलमानों को उम्मीद दिखाई दे रही है। उन्होंने जन सुराज को आजादी से पहले की कांग्रेस करार दिया और कहा कि बिहार के लोगों से सुधरने को कहता हूं। जाति की अहमियत को लेकर उन्होंने कहा कि बिना जाति के समझ की राजनीति नहीं हो सकती।

### कांग्रेस के कारण मुसलमान और दलित बहुत पीछे रह गए

उन्होंने कहा कि देश में ज्यादातर समय कांग्रेस ने शासन किया, जिसमें मुसलमान, अति पिछड़ा और दलित बहुत पीछे रह गए। प्रशांत किशोर मुसलमान-यादव (एमवाई) समीकरण पर भी बात की और कहा कि अब यह खत्म हो गया है। उन्होंने कहा, एमवाई समीकरण अब कहीं बचा हुआ नहीं है क्योंकि अगर एमवाई समीकरण होता तो लालू प्रसाद को कम वोट नहीं मिलते। पीके ने यह कहने से भी गुरेज नहीं किया कि कई लोग लालू प्रसाद के डर से वोट से देते हैं और अगर पैसे लेकर वोट देंगे तो नेता ईमानदार कैसे होंगे। बिहार में जन सुराज पार्टी को लेकर अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा, बिहार में 1 प्रतिशत के हिसाब से 15 लाख लोग ढूंढ रहा हूं. राज्य के लोग मिलकर अपना दल बनाएंगे। जन सुराज किसी एक धर्म और जाति का नहीं होगा। इसके जरिए लोग राजनीतिक बंधुआ मजदूरी से बाहर आएंगे।

## एक नजर

### सुपौल में ट्रक की चपेट में आने से एक छात्रा की मौत, दूसरी गंभीर रूप से घायल



**पटना।** सुपौल जिले के सरायगढ़ भपटियाही प्रखंड के गढ़िया गांव के पास एनएच-27 पर रविवार को ट्रक की चपेट में आने से एक छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और कार्रवाई में जुट गई। इधर, घटना के बाद अक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-27 को जाम कर करीब आधा घंटे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान एनएच पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। हालांकि बाद में प्रशासन के समझाने पर जाम हटवाया गया और एनएच पर दोबारा आवागमन बहाल कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, भपटियाही पंचायत के वार्ड-7 निवासी मनोज भदेशवार की बेटी आरती कुमारी (18) और पड़ोस के अरविंद भदेशवार की बेटी पूजा कुमारी (16) पैदल ट्यूशन पढ़ने के लिए गढ़िया गांव जा रही थीं। इसी दौरान एनएच-27 पर गढ़िया गांव के पास निर्मली से सिमराही की ओर तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक ने दोनों छात्राओं को सड़क पार करने के दौरान पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में आरती की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि पूजा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों छात्राओं को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायगढ़ भपटियाही में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर मोहसिन रजा ने आरती कुमारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि पूजा को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण हायर सेंटर दरभंगा रेफर कर दिया।

### पटना में तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को कुचला, दोनों की मौत

**पटना।** पटना में तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को कुचल डाला, जिसमें दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना बिक्रम थाना के सरवा भदसारा गांव की है। मृतक की पहचान सरवा भदसारा गांव के निवासी रुपेश राज और सूरजभान कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास गांव के लोग मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना के बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विक्रम थाने को दी। सूचना मिलते ही बिक्रम थाने की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने पटना बिक्रम सड़क को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोग प्रशासन के खिलाफ नारे लगा रहे थे। इतना ही नहीं ग्रामीण मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं। प्रशासन की तरफ से इस मामले में कोई भी उचित और ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, जिसका परिणाम यह हो रहा है कि आए दिन सड़क पर कुचल कर लोगों की मौत हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि इस मार्ग में सड़क पर वाहनों की रफ्तार काफी तेज होती है। जरा सी चूक होने पर लोगों की कुचल कर मौत हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों की यह मांग है कि जगह-जगह पर अगर स्पीड ब्रेकर बना दिया जाए तो इससे होने वाले दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है।

## खबरें फटाफट

### पटना में युवक की गोली मारकर हत्या

**पटना।** पटना जिला के शाहजहांपुर थानाक्षेत्र के ऐरई गांव में शनिवार की देर रात एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। जबकि एक अन्य की मौत घटना को देखने से हो गई। बताया जा रहा है कि उपेंद्र मांझी (35) को गोली मार दी गई। वहीं, उनके भतीजे राजीव मांझी (27) की मौत गोली चलने की घटना देखने से हो गई। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक, चार से पांच युवक ऐरई गांव के महादलित टोला में शराब पीने आए। फिर उपेंद्र मांझी की चार बकरियों को चोरी कर ले जाने लगे। इस बात की भनक लगते ही उपेंद्र चोर का पीछा करने लगे। चोरी को लेकर विरोध जताने के दौरान उनका भतीजा भी साथ में था। साथ ही मौके पर ग्रामीण जुटने लगे। यह देख कर अज्ञात चोरों ने उपेंद्र मांझी पर गोली चला दी, जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। साथ ही खून से लथपथ अपने चाचा की लाश देखने से भतीजे राजीव मांझी की भी मौत हो गई।

### पीके की जनसभा से लौट रहे वाहन में लगी आग

**पटना।** प्रशांत किशोर की जनसभा से लौट रहे स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। आग लगते ही अफरातफरी का माहौल हो गया। आननफानन में आसपास के लोगों की मदद से स्कॉर्पियो में सवार लोगों को गाड़ी से बाहर निकाला गया। घटना पटना जिला के फतुहा की है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन की टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्कार्पियों में लगी आग को किसी तरह बुझाया। लेकिन तबतक स्कार्पियो जलकर खाक हो चुकी थी। यह सभी पटना के बापू सभागार में प्रशांत किशोर के जन सुराज के कार्यक्रम में शामिल होने कटिहार से पटना आए थे। स्कॉर्पियो चालक कटिहार निवासी मोहम्मद सद्दाम ने बताया कि कार्यक्रम खत्म होने के बाद काफिले के साथ वापस कटिहार लौट रहे थे। इसी दौरान छ्पाक वाटर पार्क के पास अचानक गाड़ी में आग लग गई।

## पूर्व मंत्री श्याम रजक फिर से हुए जदयू में शामिल, राजद पर साधा निशाना

# भावनाओं में बहकर राजद से जुड़ गया था लेकिन वहां केवल अपमानित महसूस हुआ

- बोले- नीतीश कुमार में मेरी पूरी आस्था है और इसलिए मैं अब जेडीयू में वापसी कर रहा हूं
- बोले- जनता को भी फुलवारी शरीफ का विकास न होने का दुख है और हमें इसका मलाल है

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक जेडीयू में शामिल हो गए हैं। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने श्याम रजक को पार्टी की सदस्यता दिलवाई। श्याम रजक ने 22 अगस्त को आरजेडी से इस्तीफा दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि फुलवारी शरीफ का जो विकास होना चाहिए, वह नहीं हुआ और इसका मुझे दुख है। श्याम रजक इससे पहले भी जेडीयू में रह चुके हैं और पार्टी छोड़कर आरजेडी में गए थे। वहीं जेडीयू में वापसी के बाद श्याम रजक ने तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंद कमरे में बैठकर कोई आंदोलन नहीं होता बल्कि सड़कों पर निकालकर पसीना बहाना चाहिए।

श्याम रजक ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में जाति आधारित जनगणना कराई और आरक्षण का दायरा बढ़ाने का फैसला किया और अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है। श्याम रजक ने कहा कि नीतीश कुमार में मेरी पूरी आस्था है और इसलिए मैं अब जेडीयू में वापसी कर रहा हूं। श्याम रजक ने कहा कि जनता को भी फुलवारी शरीफ का विकास न होने का दुख है और हमें इसका मलाल है।




### राजद में में केवल परिवार के सदस्यों की चलती है

श्याम रजक ने इस अवसर पर कहा कि वह भावनाओं में बहकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में शामिल हो गए थे, लेकिन वहां उन्हें अपमानित महसूस हुआ। उन्होंने कहा, 'राजद आरोप लगा रहा है कि मैं सिर्फ इसलिए जद (यू) में शामिल हुआ हूं क्योंकि पार्टी सत्ता में है। उन्हें याद रखना चाहिए कि मैं मंत्री पद छोड़कर उनके साथ शामिल हुआ था। लेकिन, उन्होंने मुझे निराश किया। श्याम रजक ने कहा, 'मैं काम करना चाहता हूं और नीतीश कुमार ऐसे नेता हैं जो काम पर ध्यान देते हैं, वो उन लोगों के लिए काम कर रहे हैं जो आजादी के 75 साल बाद भी पिछड़ रहे हैं। राजद में रिश्ते कार्यकताओं, नेताओं के नहीं चलते हैं। वहां केवल परिवार के सदस्यों की चलती है। उनका जो परिवार है, वहीं सबसे बड़ा राष्ट्रीय जनता दल है।

### 1995 में आरजेडी के टिकट से लड़ा था चुनाव

70 साल के श्याम रजक धोबी जाति से आते हैं और वह जयप्रकाश नारायण द्वारा शुरू किये गये 1974 के आंदोलन से उभरे थे। आरजेडी के गठन के बाद वह लालू प्रसाद यादव के साथ हो लिए। लालू यादव ने उन्हें राजनीति का ककहरा सिखाया। 1995 में आरजेडी के टिकट से चुनाव लड़ा था। इसमें उन्हें जीत भी मिली। इसके बाद वह लालू के संगठन में भी पैठ बना ली थी। फुलवारी से उन्हें छह बार जीत मिली। आरजेडी में उन्हें राष्ट्रीय महासचिव का पद मिला था। बता दें कि 2009 में श्याम रजक ने आरजेडी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया। वे जनता दल यूनाइटेड में शामिल हो गए और नीतीश कुमार के खासमखास हो गए। उन्हें अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। नीतीश कुमार की सरकार में उन्हें मंत्री पद भी मिला। 2019 से 2020 तक श्याम रजक नीतीश सरकार में उद्योग मंत्री रहे। 2020 विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने जेडीयू में बगावत शुरू कर दी थी। फिर अगस्त 2020 में जेडीयू ने ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया।

## पुलिस के मनोबल को ऊंचा करना क्राइम कंट्रोल प्राथमिकताः डीजीपी

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार पुलिस के प्रमुख डीजीपी आलोक राज रविवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिस फोर्स का मनोबल ऊंचा करना, अपराध पर नियंत्रण करना और उत्साह बढ़ाना हमारी फोर्स की प्राथमिकता में है। इस दिशा में हम लगातार बेहतर कार्य करेंगे और अपराध पर अंकुश कैसे लगे, इसको लेकर संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए जाएंगे।

डीजीपी बनने के बाद रविवार को पहली बार आलोक राज जिले के सरैया थानाक्षेत्र के गोपालपुर नेऊरा गांव स्थित अपने पैतृक गांव पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान वे अपने पैतृक गांव के घर में गए और लोगों से मुलाकात की। इसके साथ ही उन्होंने अपने पैतृक गांव गोपालपुर नेऊरा में मंदिर में दर्शन पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद उन्होंने गांव की मजार पर माथा टेका। इस दौरान पूरे गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ था। करीब एक घंटे से अधिक समय तक डीजीपी डीजीपी आलोक राज अपने घर में रुके और लोगों से बातचीत की। पैतृक गांव के बाद डीजीपी आलोक राज सीधे सर्किट हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

## सरयू नदी में नहाने गए दो युवकों की गहरे पानी में डूबने से मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित सरयू नदी में नहाने गए दो युवकों की मौत गहरे पानी में डूबने से हो गई है। घटना मांझी थाना क्षेत्र के फतेहपुर सरैया गांव के समीप की है। एक साथ दो पड़ोसी लड़कों के डूबने की खबर मिलने पर पूरे गांव में कोहराम मच गया। उसके बाद ग्रामीण नदी की ओर दौड़ पड़े। देखते ही देखते नदी के किनारे ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि इसकी सूचना मिलते ही रोते- बिलखते पहुंचे परिजनों के चीख- चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो गया। उधर घटना की सूचना मिलते ही मांझी थाने की पुलिस और राजस्व कर्मचारी मुन्ना कुमार भी कुछ देर में मौके पर पहुंच गए। उसके बाद स्थानीय गोताखोरों व कुछ ग्रामीणों के सहयोग से शव की खोजबीन शुरू कर दी गई। घटना के लगभग ढाई घंटे बाद दोनों युवकों के शवों को बरामद कर लिया गया है। उसके बाद मांझी पुलिस ने दोनों शव को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

मृतकों में फतेहपुर सरैया गांव निवासी धर्मेंद्र चौधरी का इकलौता पुत्र रोहित कुमार चौधरी (18) और सकलदेव चौधरी उर्फ टिटोहर चौधरी का पुत्र अंकित कुमार (15) शामिल हैं। घटना के संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि उक्त गांव के पांच लड़के नदी में नहाने गए हुए थे। नहाने के दौरान ही रोहित कुमार और अंकित कुमार गहरे पानी में जाने के कारण डूब गए। उसके बाद साथ में नहाने गए लड़कों ने शोर मचाया और ग्रामीणों को उनके डूब जाने की जानकारी दी।

## आरक्षण को लेकर घड़ियाली आंसू बहा रहा राजदः मंगल

**केटी न्यूज/पटना**

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आरक्षण को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी राजद घड़ियाली आंसू बहा रहा है। राजद का आरक्षण लालू परिवार तक ही सीमित रहा है। लालू यादव को पत्नी, बेटा व बेटी के अलावा कभी किसी दलित, पिछड़े, अतिपिछड़े की याद नहीं आई। वह राजद आज आरक्षण के नाम पर दलितों, पिछड़ों व अतिपिछड़ों को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है जो शुरू से ही इनकी हकमारी करता रहा है। राजद और कांग्रेस हमेशा अति पिछड़ों का अपमान करते और धोखा देते रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अतिपिछड़ों के लिए गठित काका कालेलकर और मुंगेरीलाल कमीशन की रिपोर्ट को ढंडे बस्ते में डाल दिया और उसे कभी लागू नहीं किया। कांग्रेस ने 1953 में पिछड़े वर्गों के लिए गठित काका कालेलकर कमिटी की 1955 में आई रिपोर्ट को 45 वर्षों तक ठंडे बस्ते में रखा, न पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया न पिछड़ों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया।






## पनोरमा ई होम्स स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स परिसर पूर्णिया में कार्यक्रम की शुरुआत 22 सितंबर से

# पनोरमा स्टार सीजन 07 में कई विधाओं को किया गया है शामिल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 15 तक कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**केटी न्यूज/पूर्णियां**



प्रमंडलीय मुख्यालय पूर्णियां के जिला स्कूल रोड स्थित पनोरमा ग्रुप के कार्पोरेट कार्यालय में शनिवार को पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि पनोरमा ग्रुप हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पनोरमा स्टार सीजन 07 का आयोजन करने जा रहा है जिसमें इस बार कई विधाओं को शामिल किया है जिसमे पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 में खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के विशेष आग्रह पर कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स, साइकिलिंग एवं हॉर्सराइटिंग खेलों को शामिल किया गया है।

**निः शुल्क प्रतियोगिताः** 1.क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबुल टेनिस फुटबॉल, कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स, साइकिलिंग, हॉर्सराइडिंग, शतरंज,

प्रतियोगिता अंडर - 17 आयु वर्ग में बालक - बालिका आयु वर्ग के साथ - साथ एवं ओपन टू आल आयु वर्ग में खेला जाएगा।

**शतरंज प्रतियोगिता**

अंडर -7, अंडर -9, अंडर -11, अंडर -17 बालक , बालिका आयु वर्ग के साथ - साथ ओपन टू आल वर्ग में प्रतियोगिता खेला जाएगा ।

**एथलेटिक्स प्रतियोगिता**

100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़ 1500 मीटर दौड़, डिस्कस, जैवलिन, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, अंडर -17 बालक, बालिका आयु वर्ग के साथ - साथ ओपन टू आल वर्ग में रखा गया है। पैनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -7 22 सितंबर 2024 से पैनोरमा ई होम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर पूर्णिया में आयोजित होगा। प्रतियोगिता का समापन समारोह दिनांक 22 नवंबर 24 को रखा गया है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 15 सितंबर को रखा गया। सभी विधाओं के लिए नगद पुरस्कार राशि भी रखी गई हैं।

संजीव मिश्रा ने कहा पनोरमा स्टार सीजन 07 कार्यक्रम में इस बार भी पूरे बिहार भर के बच्चे गायन, नृत्य, पेंटिंग, वेदमंत्र, के साथ-साथ लोकनृत्य में समा चकेवा, जाट-जाटिन,बिहू, आदिवासी नृत्य, झिझिया इत्यादि को शामिल किया गया है संजीव मिश्रा ने कहा कि छोटे बच्चों के लिए जूनियर मिस पनोरमा को भी विधा में शामिल किया गया है इसके लिए पनोरमा ग्रुप ने एक मोबाइल वाट्सएप नम्बर भी जारी किया है जो 7549000057 पर सम्पर्क कर अपना 20 सेकेण्ड से दो मिनट तक का विडियो क्लिप बनाकर भेज सकते हैं सलेक्ट विडियो क्लिप को देखकर हमारी टीम उस प्रतिभागियों को सूचित करेगी।

पनोरमा ग्रुप का प्रयास है कि कोशी सीमांचल सहित बिहार का ऐसे बच्चे जो कला के क्षेत्र में देश दुनिया में अपने नाम का लोहा मनवा सकें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पनोरमा ग्रुप के प्रबंध सीईओ नंदन झा, रितेश झा, विक्रम भगत,अनुज पाठक, आशुतोष,धीरज जैन, रंगकर्मी मिथिलेश राय, अमित, पनोरमा स्पोर्ट्स के खेल प्रशिक्षक हरिओम झा समेत अन्य मौजूद थे।

### चंदा में मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन के बाद हतप्रभ हैं लोग, स्थानीय पुलिस की भूमिका पर उठा सवाल

# सीडीआर से खुलेगा राज, अवैध हथियार निर्माण और तस्करी में कई सफेदपोश हो सकते हैं शामिल

♦ एसटीएफ की निशानदेही पर हुई थी छापेमारी, जांच में जुटी पुलिस



**केटी न्यूज/बक्सर**

चंदा में मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन के बाद स्थानीय लोग हतप्रभ है। इस घटना के उद्भेदन के बाद लोगों को जानकारी हो सकी कि उनके बगल में बक्सर को मुंगेर बनाने की कवायद चल रही थी और स्थानीय पुलिस बेखबर बनी रही। भला हो एसटीएफ टीम का, जिनके इनपुट के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर इस मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। वही, इस मामले का उद्भेदन होने के बाद से पुलिस काफी सक्रिय हो गई है तथा अवैध हथियार निर्माण व तस्करी के खेल में शामिल लोगों की पड़ताल तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संवभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बड़े पैमाने पर अवैध हथियार निर्माण की जानकारी मिलने के बाद से बक्सर पुलिस के होश उड़ गए है। वही, पुलिस के बाद अभी भी इस अवैध निर्माण के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है कि आखिर चंदा में अवैध हथियार निर्माण का सिलसिला कब से चल रहा था तथा कितने असलहे का निर्माण हो चुका था और कौन-कौन लोग शामिल थे।

**सीडीआर खंगाल रही है पुलिस :** इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस मामले में शामिल तस्करों की पहचान तथा उन्हें गिरफ्तार करने के लिए तकनीकी साधनों का इस्तेमाल कर रही है। डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी की मानें तो पुलिस सीडीआर खंगाल रही है। जिसके आधार पर इस बात की जानकारी ली जाएगी कि इस खेल में कौन कौन लोग शामिल थे तथा कब से यह खेल चंदा में चल रहा था। डीएसपी ने कहा कि पूरी टीम को जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा। वही, पुलिस सूत्रों की मानें तो इस मिनी गन फैक्ट्री के संचालन में कई अन्य लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली है। जिनके खिलाफ पुख्ता सबूत इकट्ठा किए जा रहे है। पुलिस इस मामले की काफी बारीकी से मामले की जांच कर रही है। ताकी, घटना में शामिल लोग बच नहीं सकें।

**स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहा है सवाल :** चंदा में मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन के बाद से ही स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे है। बता दें कि यहां छापेमारी एसटीएफ से मिले इनपुट के आधार पर हुई थी। यहां लंबे समय से अवैध असलहों का निर्माण चल रहा था। जबकि स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी थी। जबकि चंदा गांव नया भोजपुर ओपी क्षेत्र का आखिरी गांव है। यहां के बाद औद्योगिक थाना का क्षेत्र शुरू हो जाता है। इस जगह पर हर दिन नया भोजपुर ओपी पुलिस की गश्ती वाहन जाती है। लेकिन, उन्हें भी इस बात की जानकारी नहीं हो सकी कि यहां इतने बड़े पैमाने पर हथियारों का निर्माण हो रहा है। इस घटना ने पुलिस के खुफिया तंत्र पर भी सवाल खड़े कर दिए है।

### कहीं आगामी चुनाव में दहशत फैलाने की तो नहीं हो रही थी साजिश

चंदा में अवैध असलहे का निर्माण कही आगामी विधान सभा चुनाव को दहलाने की साजिश के तहत तो नहीं किया जा रहा था। बता दें कि अगले साल ही बिहार बिधान सभा का चुनाव होने वाला था। इसको लेकर जहां राजनैतिक दलों तथा प्रशासन ने अंदरखाने तैयारियां शुरू कर दी थी तो दूसरी तरफ इस मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन से यह सवाल लोगों के मन में कौंधने लगा है कि कही यहां निर्मित होने वाले हथियारों का उपयोग विधानसभा चुनाव में हिंसा फैलाने तथा इलाके को दहलाने के लिए तो नहीं हो रही थी। गौरतलब हो कि चुनाव के पहले लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन करवाया जाता है। सत्यापन नहीं कराने वालों क हथियार जब्त भी किए जाते है। जबकि अपराधी अवैध असलहों से ही चुनाव में हिंसा फैलाने की साजिश करते है। पुलिस जब अपनी जांच को आगे बढ़ाएगी तो संभव है कि इस बिंदु पर भी जरूर जांच करेगी।

### मुंगेर की तर्ज पर हो रहा था अवैध असलहे का निर्माण

एनएच 922 के किनारे स्थित चंदा गांव में मुंगेर के तर्ज पर अवैध असलहे का निर्माण हो रहा था। वहां से पुलिस को भारी मात्रा में पिस्टल तथा अन्य हथियार के उपकरण मिले है। भारी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण देख पुलिस भी आश्चर्य में पड़ गई थी। सबकुछ वैसा ही था जैसे मुंगेर निर्मित असलहों में देखने को मिलते है। मुख्य सड़क के किनारे स्थित इस घर को बाहर से देखने से ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा था कि यहां इतने बड़े पैमाने पर हथियारों का निर्माण किया जा रहा है। बाहर के कमरे में मकान मालिक बिरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव अपना आसियाना बनाए थे, जबकि मकान के आखिरी छोर पर शेड लगा असलहा निर्माण के लिए भट्ठी तथा अन्य उपकरण लगाए गए थे। जानकारों का कहना है कि रात के अंधेरे में ही



असलहों का निर्माण हो रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है रात में उस जगह से आवाजे आती थी। लेकिन, तस्करों ने उन्हें बताया था कि यहां बाइक के पुर्जो का निर्माण होता है। जिस कारण लोगों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया था कि क्यों रात में उस मकान के पीछे से हथौड़ा चलने जैसी आवाजे आती थी।

**तकनीकी साधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है**

“ चंदा में मिनी गन फैक्ट्री के उद्भेदन के बाद से पुलिस इस खेल में शामिल लोगों का पता लगा रही है। इसके लिए सीडीआर तथा अन्य तकनीकी साधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। तस्करों से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस आगे की रणनीति बना रही है तथा अन्य लोगों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

– अफाक अख्तर अंसारी, डीएसपी, डुमरांव

## एक नजर

### जाम की समस्या से कराह रहा है डुमरांव



**डुमरांव।** नो इंट्री के बाद भी नगर को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल रहा है। प्रतिदिन जाम की समस्या से नगरवासी जूझते रहते हैं। नगर के बीचोबीच से एनएच-120 सड़क गुजरती है। लिहाजा इस पर भारी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। जाम की समस्या को देखते हुए शहर में सुबह आठ बजे से रात्रि दस बजे तक नो इंट्री लगाया गया है। हलांकि इस नो इंट्री का पालन सही से नहीं किया जाता है। बड़े वाहन प्रवेश ही कर जाते हैं और जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। बता दें की स्टेशन रोड जो शहर के बीच से होकर गुजरता है, इस पर राज्य के बड़े शहरों के अलावे झारखंड, बंगाल और यूपी के बड़े माल वाहक गुजरते हैं। इतना ही नहीं सैकड़ों यात्री बसों का भी इसी रोड से होता है, बावजूद नो इंट्री का पालन सही से नहीं किया जाता। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि नो इंट्री का पालन करवाने के लिए पुलिस की ड्यूटी लगती जरूर है, लेकिन इनके द्वारा सही से पालन नहीं किया जाता है। इस जाम में टेम्पों चालकों का भी अहम रोल होता है। आगे निकलने की चक्कर में इनके द्वारा जाम को बढ़ावा दिया जाता है। इनके लिए नप ने कोई स्टैंड नहीं बनाया है। टैम्पों और बस स्टैंड अगर बन जाता है और बड़े वाहनों के गुजरने पर रोक लग जाती है तो जाम की समस्या से नगरवासियों को निजात मिल सकती है। इसके लिए प्रशासन, वाहन चालक और समाजिक कार्यकताओं के साथ बैठक कर समाजस्य स्थापित करते हुए काम करना होगा। कुछ लोगों का कहना है कि महरौरा मोड़ से ही बड़े वाहनों घुमाकर नहर के रास्ते मां डुमरेजिन मोड़ के पास निकाला जाए। इस तरह की यदि कार्य किया जाता है तो नगर को जाम की समस्या से निजात मिल सकता है।

### करूअज गांव को जोड़ने के लिए पक्की सड़क निर्माण की जगी आस

**डुमरांव।** प्रखंड के करूअज गांव में पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डुमरांव शहर में बाजार करने, पढ़ने के लिए आने वाले सहित ट्रेन या बस पकड़ने के लिए आने वाले पहुंच सड़क नहीं होने परेशान रहते हैं। गांव को सड़क से जोड़ने के लिए पूर्व मंत्री सह एम एल सी श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखे गए पत्र में गांव को जोड़ने के लिए अलग-अलग दो सड़क बनाने की मांग किया है। सचिव को लिखे गए पत्र में जो दो सड़क बनाने का जिक्र किया है, उसमें पहली सड़क डुमरांव-बिक्रमगंज पथ से खलवा ईनार होते हुए करूअज गांव में श्रीकांत कुशवाहा के घर तक है। इस रोड की लम्बाई 2.5 किलोमीटर है। वहीं दूसरी सड़क करूअज गांव ब्रम्ह स्थान से रजडीहा मोड़ तक बनाने की मांग करते पत्र लिखा है। इस रोड की लंबाई एक किलोमीटर है। बताया गया है कि इन दोनों सड़क के बन जाने से गांव शहर व एन एच दोनों से जुड़ जाएगा। सड़क बनते ही ग्रामीणों की दशकों पुरानी मांग तो पूरा होगी ही विकास भी शुरू हो जाएगा।

### जिला में आयोजित मैथ्से ओलिंपियाड में 1988 परीक्षार्थी परीक्षा में रहे अनुपस्थित



**बक्सर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित मैथ्से ओलिंपियाडे 2023 में वर्ग 6 से 12 के विद्यार्थियों के बीच 1 सितंबर को ऑफलाइन परीक्षा का आयोजन जिला के तीन केंद्रों परे हुआे। नेहरू स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय बक्सर, एमपी उच्च विद्यालय एवं बीबी प्लस टू उच्च विद्यालय को केंद्र बनाया गयो थाे। तीनों केंद्रों पर अलग-अलग वर्ग के परीक्षार्थी पहुंचे थेे। दोनों पालियों में कुल 2777 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होनो था। जिसमें कुल 789 परीक्षार्थी उपस्थित तथा वहीं 1988 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थिते रहेे। परीक्षा दो पालियों में ली गई. परीक्षार्थी निर्धारित समय से अपने केंद्र पर पहुंच गये थे। दोनों पाली के तहत विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने परीक्षा केंद्र पर नियत समय के पहले पहुंच चुके थेे। परीक्षा देकर बाहर आये परीक्षार्थियों में काजल, रितु, सुनीता समेत अन्य परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा का स्तर अच्छा है, किंतु तर्कशक्ति आधारित प्रश्नों में कठिनाई का सामना महसूसे हुआे। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी माध्यमिक शिक्षो नाजिशे अली विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षणे किए. परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था उत्तमे रहीे। नियत समय से सभी शिक्षक एवं परीक्षा में लगे कर्मी अपने-अपने ड्यूटी पर तैनाते दिखेे। जागरूकता के बावजूद उच्च वर्ग के विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रही, वर्ग 6 से आठ के विद्यार्थी की संख्या संतोष जनक रही जबकि 9, 10, 11 तथो 12वीं में उनकी संख्या परीक्षा केंद्रों पर कमे दिखीे। कई परीक्षार्थियों ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि परीक्षा 2023 में होनी थीे। किंतु एक साल बाद होने से बहुत से परीक्षार्थी अन्य स्थानों पर अध्ययन के लिए चले गए हैं। 10वीं एवं 12वीं के पास आउट होने के कारण बाहर शिक्षा के लिए चले गये हैे। जो परीक्षा में शामिले होगाे। जिस कारण उपस्थिति कमे रही।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, तीन जख्मी

**नावानगर।** सिकरौल थाना के मथौली गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर जमकर लाठियां चटकाया। जिससे दोनों पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी में नरसिंह यादव, प्रेमसागर यादव व संजय कुमार का सीएचसी नावानगर में इलाज कराया गया। इस संबंध में दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए सिकरौल थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। इधर पुलिस ने तत्काल करवाई करते हुए दो लोगों की गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि एक पक्ष के नरसिंह यादव ने एक व्यक्ति पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष के संजय कुमार ने दो लोगों को नामजद किया है। इस संबंध में सिकरौल थानाध्यक्ष विरेंद्र कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद की गई करवाई में दो लोगों नरसिंह यादव व प्रेमसागर यादव

## खबरें फटाफट

### विशेष भूमि सर्वे के लिए आमसभा आज

**केसठ।** प्रखंड के कतिकनार पैक्स गोदाम पर विशेष भूमि सर्वे को ले आम सभा का आयोजन सोमवार को होगा। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों व आम जनता की उपस्थिति में विशेष सर्वेक्षण कानूनगो पदाधिकारी, शिविर नोडल, लिपिक द्वारा लोगों को सर्वेक्षण से संबंधित जानकारी दी जाएगी। शिविर नोडल हर्षित कुमार, लिपिक रविकेश कुमार ने कहा कि सर्वेक्षण को लेकर जिस कागजात की आवश्यकता है, उसे तैयार कर लें साथ ही जमीन के कागजों की त्रुटि में अंचल कार्यालय और राजस्व कर्मचारी से मिलकर सुधार करा लें। सर्वेक्षण की प्रक्रिया पंचायत में आज से शुरू हो गयी है।

### किसानों का मिलेगा गन्ना उद्योग का प्रशिक्षण

**केसठ।** प्रखंड के मध्य विद्यालय रघुनाथपुर के परिसर में बिहार सरकार गन्ना उद्योग विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत 40 किसानों को सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को गन्ना की खेती में बेहतर उत्पादन के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारियां और उन्नत कृषि विधियों से अवगत कराना है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञ किसानों को गन्ना की विभिन्न किस्मों, उनके उत्पादन में सुधार, सिंचाई के आधुनिक तरीकों, तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के उपायों के बारे में जानकारी देंगे।

### 21 को भाकपा माले का धरना प्रस्तावित

**केसठ।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी नावानगर केसठ अंचल कमिटी की एक दिवसीय बैठक केसठ बस स्टैंड में रविवार को संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता वीरेंद्र सिंह ने तथा संचालन अंचल सचिव बिरेंद्र कुशवाहा ने किया। बैठक में मलई बराज को चालू करने सहित जनता के सवालों के लेकर 21 सितंबर को जिला मुख्यालय बक्सर पर धरना देने का फैसला लिया गया। पार्टी के सदस्यों ने बताया की मलई बराज लगभग बन कर तैयार हो गया है, लेकिन स्थानीय प्रशासन और सरकार की निष्क्रियता के कारण ये बराज अधर में लटका हुआ है। जबकि इसके शुरू हो जाने से क्षेत्र के हजारों किसानों को खेत की पटवन करने के लिए पानी की किल्लत नहीं झेलनी पड़ेगी।

## डायरिया से मौत के बाद सजग हुए ग्रामीण, नया मोटर लगाने की करेंगे मांग

**केटी न्यूज, डुमरांव**

बनकट गांव में फैले डायरिया के प्रकोप से स्थिति धीरे-धीरे भले ही समान्य हो रही है, लेकिन ग्रामीण आज भी दहशत में जी रहे हैं। डायरिया पीड़ित श्यामलाल राय की मौत के बाद ग्रामीण अब सजग हो गए है। ग्रामीणों ने रविवार को काली मंदिर परिसर स्थित विशाल नीम के पेड़ के नीचे बैठक कर गांव में नया मोटर पंप लगवाने का निर्णय लिए। इसके लिए वे सोमवार को एसडीओ राकेश कुमार से मिल अपनी मांगों को रखेंगे तथा गांव में जल्दी नया मोटर पंप बनवाने की मांग करेंगे। बता दें कि बनकट में डायरिया एक सप्ताह से तांडव मचा रखा है।



अबतक गांव के 100 से अधिक लोग इसके चपेट में आ चुके है तथा बनकट व महरौरा गांव को मिला कुल 3 लोगों की जान जा चुकी है।

बता दें कि यह गांव पहले पंचायत में हुआ करता था, अब नगर परिषद का अंग बन गया है, बावजूद यह विकास से कोसो दूर है। मुख्य सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, सड़क पर जगह-जगह पानी जमा है। इतना ही नहीं गांव उत्तर व दक्षिण दिशा में आहर और पईन से घिरा हुआ है। इनमें सालोंभर पानी जमा रहता है। पानी से घिरा हाने के कारण पहले से ही उनमें बीमारी फैलने का डर बना हुआ था। बावजूद बचाव के लिए पंचायत ने कुछ नहीं किया, अब सबकी निगाहें नगर परिषद पर लगी हुई है। इधर रोग फैलने के बाद साफ-सफाई और दवा का छिड़काव नप ने शुरू कर दिया है। बताते चलें की गांव में आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालय मौजूद है, जो जलजमाव से घिरा हुआ है। बच्चे पानी और कीचड़ से होकर आते और जाते हैं। ऐसे में गांव की स्थिति को समझा जा सकता है। गांव में ऐसा कोई सार्वजनिक भवन नहीं है, जिसमें ग्रामीण बैठ अपना सुख-दुख बांट सके। शहर से गांव में प्रवेश करने से पहले एक कालीजी का मंदिर है। इस मंदिर परिसर के बाहर खुले मैदान में पेड़ों की छांव में बैठ ग्रामीण आपसी बातचीत करते हैं। रविवार को बैठ ग्रामीण आपस में डायरिया बीमारी और मरने वालों की बात कर रहे थे। उनका चेहरा देखने से यह साफ जाहिर हो रहा था कि ये दहशत में हैं। गांव के पूर्णमासी राय व वीरेन्द्र राय का कहना है कि गांव के आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालय परिसर बरसात के दिनों में पानी से घिर जाता है, जिससे छोटे बच्चों को परेशानी होती है। गांव के शिवबली राजभर बताते हैं कि गांव को नप से जुड़े एक साल से अधिक का समय गुजर गया, लेकिन नप का कोई नहीं आया, बीमारी फैलने के बाद सभी पहुंच हैं। इस संबंध में चेयरमैन सनीता गुप्ता व ईओ मनीष कुमार का कहना है कि गांव की सफाई ब्यवस्था पर पूरा ध्यान रखा गया है। ब्लीचिंग पावडर व एंटी लार्वा दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

## वासुदेवा ओपी को मिला थाना का दर्जा चार पंचायतों के 31 गांव हुए शामिल

**केटी न्यूज/केसठ**

गृह विभाग के आदेश पर नावानगर प्रखंड के वासुदेवा ओपी को थाना का दर्जा दिया गया है। बासुदेवा ओपी को थाना का दर्जा मिलने पर स्थानीय लोगों में खुशी व्याप्त है। ज्ञात हो कि वासुदेवा ओपी को थाना का दर्जा मिलने के बाद यहां पुलिस बलों की संख्या के साथ ही बेहतर सुविधा भी बहाल हो जाएगी। अब प्राथमिक दर्ज करने के लिए दूसरे थाने के अधिकारी पर आश्रित नहीं रहना होगा।

वहीं, नजदीक में थाना होने की वजह से लोगों को अपनी समस्याओं का निवारण जल्द से जल्द करवा सकेंगे। गांव में थाना होने की वजह से पुलिस और जनता के बीच एक नजदीकी रिश्ता भी कायम हो



सकेगा। थाना बनने की वजह से यहां आस-पास के लोगों को काफी सहूलियत होगी। वासुदेवा ओपी को थाना के रूप अपग्रेड करने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक एवं भौगोलिक दृष्टिकोण से नावानगर और केसठ प्रखंड के 4 पंचायत के 31 गांवों की जिम्मेवारी सौंपी गई है। जो अपेक्षा ज्यादा है। जैसे कि पहले जितवाडीह, अतिमी, अमीरपुर, शिवपुर पूर्वी नावानगर थाना में था जो अब वासुदेवा ओपी के क्षेत्र शामिल किया गया है।

**वासुदेवा थाने आने वाले पंचायत व गांव :** वासुदेवा थाने में अब जिन पंचायतों तथा उनके गांवों को शामिल किया गया है है, उनमें आथर पंचायत के आथर, आथर बिंद टोली, आथर मुसहर टोली, मुकुंदडेरा, शीतल टोला, नट टोला बाल, चकौड़ा, डिहुपुर, पवरपुर, नोखपुर, अतिमि पंचायत के वासुदेवा, वासुदेवा बिंद टोली, अमृत राय के डेरा, अमीरपुर डेरा, अमीरपुर, कोईरी डेरा, जितवाडीह, भटौली पंचायत के भटौली, कुकुरभुक्का, गोविंदपुर, पीलापुर रामपुर पंचायत के रामपुर, जयरामपुर, कुलमनपुर, बैजनाथपुर, शिवपुर, रघुनाथपुर, दासियांव, सिद्धिपुर, सिद्धिपुर डेरा, बैजनाथपुर डेरा का नाम शामिल है।

## जमीन का पुराना रिकॉर्ड निकलवाने वाले रैयत काट रहे दफ्तरों के चक्कर

♦ 30 सितंबर तक जिले के भू-धारियों को जमा करना है आवेदन

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में सर्वे के कार्य में जहां तेजी आ रही है। वहीं रैयत भी अपने सभी दस्तावेज को दुरूस्त करने में लगे है। ताकि उनकी जमीन की सही चिन्हित होते हुए सर्वे पर उनका नाम चढ़ जाए। रैयतों को इस बात का डर बना हुआ है कि यदि सर्वे में उनकी संबंधित जमीन पर उनका नाम नहीं चढ़ा। तो वह जमीन उनके हाथ से नहीं निकल जाए। दस्तावेज दुरूस्त करने के लिए सबसे अहम पुराने सर्वे का अभिलेख है। जिसमें उनके पूर्वजों के नाम के साथ उनकी जमीन का थाना, खेसरा, खाता, आदि चढ़ा हुआ है। इसे प्राप्त करने के लिए रैयत अंचल और अभिलेखागार के चक्कर काट रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले जहां एक दिन में अभिलेखागार में 15 से 25 आवेदन प्राप्त होते थे। अब वहीं 250 से 300 आवेदन कार्यालय को मिल रहा है। वहीं अभिलेखागार में एक क्लर्क व एक कार्यालय परिचारी होने के कारण परेशानी बढ़ गई है। प्राप्त आवेदनों का समय पर निपटारा नहीं हो पा रहा है। अभिलेखागार में अपना आवेदन जमा करने आये रैयतों ने बताया कि पूर्व में तीन से चार दिन में दस्तावेज मिल जाता था। लेकिन, अभी समय पर नहीं मिल पा रहा है। सर्वे के लिए आवेदन सितंबर माह में जमा कर देना है। यदि सभी दस्तावेज दुरूस्त नहीं हुआ। तो परेशानी बढ़ जाएगी।

### भोजपुरी कलाकारों ने की नाबालिग नर्तकियों से सामूहिक दुष्कर्म की निंदा, दोषियों को मिले कड़ी से कड़ी सजा

## मानवता को झकझोर देने वाली है सामूहिक दुष्कर्म की घटना: भरत शर्मा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार की देर रात डुमरांव के खिरौली में नाबालिग नर्तकियों से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर अब भोजपुरी के कलाकार व प्रबुद्धजन मुखर हो गए है। कलाकारों व प्रबुद्धजनों ने इस घटना की जमकर भर्तसना करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। ताकी भविष्य में कोई कलाकारों के साथ ऐसी घिनौनी हरकत नहीं कर सकें।

भोजपुरी के चर्चित गायक व भोजपुरी सम्राट भरत शर्मा ने इस घटना को मानवीय संवेदना को झकझोर देने वाली घटना बताया और





कहा कि ऐसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। इसमें न सिर्फ दुष्कर्मी ही दोषी है बल्कि समाज पर भी सवाल उठता है। वही, चर्चित भोजपुरी गायक विष्णु ओझा ने कहा कि एक कलाकार अपनी कला के माध्यम से समाज का मनोरंजन करता है। कलाकार सरस्वती के उपासक होते है। उनके साथ ऐसी घिनौनी हरकत की जितनी भी निंदा की जाए कम होगी। जबकि, भोजपुरी के ख्याति प्राप्त स्टेज स्टार अशोक मिश्र ने कहा कि हमारे समाज में सदियों से कला की पूजा होते आई है। इस घटना ने हमारी संस्कृति पर प्रहार किया है। वहशियों ने जिस दरिंदगी से मासूम नर्तकियों की अस्मत लूटी है उन्हें उसकी सजा मिलनी चाहिए। भोजपुरी के प्रसिद्ध लहरी लक्ष्मण ओझा बागी ने कहा कि कलाकार समाज की धरोहर होते है। उनके पास समाज का सुरक्षा कवच होता है। इस घटना के बाद से खासकर महिला कलाकारों के मन में जो भय उत्पन्न हुआ है, वह कला जगत तथा समाज के लिए काफी नुकसानदेह है। ऐसी घटनाओं पर लगाम लगनी चाहिए तथा दोषियों को उनकी करतूतों की दंड मिलनी चाहिए। भोजपुरी गायक विनय मिश्र ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि वे दोनों तो अपने कला का प्रदर्शन करने आई थी। उनके अस्मत के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत किसने दी। आखिर जब हमारा समाज ही कलाकारों का शोषण करेगा तो कला की पूजा कौन करेगा।

जबकि कमल किशोर राजू की मानें तो कलकार के साथ ऐसी घिनौनी हरकत काफी सोचनीय है। समाज को यह समझना चाहिए कि कलाकार अपनी कला परोसते है न कि जिस्म। ऐसी घटनाओं पर तभी लगाम लग सकता है जब दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने दोषियों को फांसी देने की मांग की और कहा कि कलाकारों को संरक्षण व सुरक्षा मिलनी चाहिए। इस घटना के बाद भोजपुरी जगत के साथ ही संपूर्ण कला जगत स्तब्ध है।



# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं से बच्चों का होता है बौद्धिक विकासः विधायक

- सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**केटी न्यूज/छपरा**




रोट्रैक्ट क्लब ऑफ छपरा सिटी द्वारा विगत 25 अगस्त को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय पार्टी जोन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन छपरा विधायक डॉ सीएन गुप्ता, पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, अजय गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने किया। दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। जिसके जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर अभिनव राज चौहान, द्वितीय स्थान पर आशी और तृतीय स्थान पर अंशिका कुमारी को पुरस्कार के रूप में साईकल, स्मार्ट वॉच और पंखा देकर पुरस्कृत किया गया।

वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर रितु कुमारी, द्वितीय स्थान पर उज्जवल प्रकाश सिंह एवं तृतीय स्थान पर कुमारी सलोनी राय को साइकिल, मोबाइल और आयरन देकर पुरस्कृत किया गया।

सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों ने प्रतीक चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। वहीं इस कार्यक्रम में प्रतियोगिता के में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दोनों वर्गों के 15-15 छात्र छात्राओं को संतावना पुरस्कार देकर भी पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अवध बिहारी, सचिव गुलाम हिलानी, अभिषेक श्रीवास्तव, निकुंज कुमार, अविनाश श्रीवास्तव, महताब आलम, अजित कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सदर विधायक ने बच्चों को दी शुभकामनाएं

मौके पर सदर विधायक डॉ. सीएन गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के विकास से ही समाज एवं राष्ट्र का सवार्गीण विकास संभव है। पठन-पाठन के अलावा बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए आयोजित होने वाली शैक्षणिक प्रतियोगिता महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल होने से बच्चों का आत्मबल मजबूत होता है। इसके अलावा कुछ अच्छा करने की ललक उनमें हमेशा बनी रहती है। वहीं, पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों का मानसिक, बौद्धिक विकास होने के साथ-साथ देश दुनिया की सामान्य जानकारी भी प्राप्त होती है। जो भविष्य में जीवन भर काम आती है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी बच्चों के भविष्य की उज्जवल कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। जिससे प्रतिभागी बच्चों में खुशी की लहर थी।

**एक नजर**

## लोकोत्सव के रूप में मनाई जायेगी भिखारी ठाकुर की जयंती, बैठक में लिया गया निर्णय



**आरा।** स्थानीय पटेल बस पड़ाव स्तिथ भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर एक विशेष बैठक में इस बार लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती भिखारी ठाकुर लोकोत्सव -2024 के रूप में मानने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सीनियर सिटीजन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह व संचालन पत्रकार नरेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान गहन विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि परंपरा व संस्कृति की बहुत सी विधाएं विलुप्त हो रही है जिसको चुन चुन कर आगामी 18 दिसंबर को होने वाले भिखारी ठाकुर लोकोत्सव कार्यक्रम में शामिल किया जाए। साथ ही भोजपुरी भाषा की उन्नति के लिए विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा भोजपुरी में भाषण प्रतियोगिता भी कराया जाए। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के बैनर के तले आयोजित इस बैठक के दौरान जिला प्रशासन से सहयोग लेने की बात कही गई। जिसको लेकर एक शिष्ट मंडल शीघ्र ही जिलाधिकारी राज कुमार से मिलेगा। आयोजन को सफल बनाने को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ रंगकर्मी चंद्रभूषण पांडेय, कोषाध्यक्ष के रूप में राम जी प्रसाद यादव एवं सह सचिव के रूप में रंगकर्मी राजीव रंजन और प्रशांत कुमार का मनोनयन किया गया।

## सांसद के जनसंवाद में आया 18 माह में 33 लाख रुपये के बिजली बिल का मामला




**आरा।** जिला मुख्यालय स्थित श्रीटोला में रविवार को भाकपा-माले के जिला कार्यालय भोजपुर सांसद सुदामा प्रसाद द्वारा जनसंवाद आयोजित किया गया। इस जनसंवाद में जनता के द्वारा उनकी समस्याओं को सुना गया। साथ लोगों की समस्याओं का निदाने करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसंवाद में जिले के सैकड़ों फरियादी पहुंचे। जमीन पर दखल-कब्जा, रास्ता के लिए, नली गली, सड़क सहित इलाज और विकलांग प्रमाणपत्र से संबंधित आवेदन आए। वहीं, जनसंवाद में बिजली विभाग से संबंधित एक मामला आया। जिसमें पीड़ित ने बताया कि उसके घर में पंखे और बल्ब का बिल 33 लाख 23 हजार 8 सौ 10 रुपया है। 18 माह पहले उसके घर में स्मार्ट मीटर लगाया गया था। जिसका बिल लाखों में आया। सासंद सुदामा प्रसाद ने कहा कि सरकार तत्काल स्मार्ट मीटर वापस ले और इसे लगाना बंद करें। गरीबों के घर स्मार्ट मीटर लगा कर लाखों का बिजली बिल भेजा जा रहा है, जबकि उनके घर में कोई बड़े उपकरण नहीं चलते हैं। उन्होंने कहा कि गरीब अपने गाढ़ी कमाई फर्जी बिजली बिल में गवां रहें हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने कहा कि इसका कोई लिखित आदेश नहीं है फिर भी कम्पनियों के फायदे के लिए गांवों में स्मार्ट मीटर लगया जा रहा है। इसी नाम पर पूरे गांव का बिजली भी काटी जा रही है। कार्यक्रम में जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, निजी सचिव चंदन कुमार, नगर कमेटी सदस्य मिल्टन कुशवाहा, कृष्णरंजन गुप्ता, सुरज कुमार मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में होगा कृमि की दवाओं का वितरण

**रामगढ।** प्रखंड क्षेत्र में क्रीमी मुक्ति दवा का वितरण जल्द ही प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया जाएगा। जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस की शुरूआत की जा रही है। मामले में रामगढ़ रेफरल अस्पताल के बीसीएम मनीष कुमार सिन्हा ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत रामगढ़ रेफरल अस्पताल में सितंबर के शुरूआती सप्ताह किया जाएगा। जिसके तहत कृमि मुक्त दवा को 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क वितरण किया जाएगा। यह दवा प्रखंड क्षेत्र के सभी स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण कराया जाएगा। साथ ही वैसे बच्चे जिन्हें स्कूल या आंगनबाड़ी केंद्रों में नहीं जा सकते हैं, उन्हें रेफरल अस्पताल की आशा के द्वारा घर तक पहुंच कर वितरण किया जाएगा।

## विश्वशांति महायज्ञ के उपरांत यक्ष एवं यक्षिणी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ भव्य समापन

**केटी न्यूज/आरा**

महावीर टोला स्थित भगवान मुनिसुब्रतनाथ मंदिर में चल रहे दो दिवसीय यक्ष एवं यक्षिणी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अनुष्ठान के उपरांत विश्वशांति महायज्ञ करके महोत्सव का हुआ समापन। हस्तिनापुर से पधारे विधानाचार्य पं नरेश कुमार जैन शास्त्री के मंगल निर्देशन में बड़े ही भक्तिपूर्वक श्रद्धालुओं द्वारा पूजन, विधान, हवन के पश्चात महोत्सव का समापन हुआ।

मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि महोत्सव में सौधर्म इंद्र-इंद्राणी रेशु-आकाश जैन, धन कुबेर आस्था-चंद्राभ जैन के साथ अनेकों पात्रों ने प्रातः समय में भव्य पंचामृत अभिषेक, वृहद शांतिधारा, नित्य पूजन के पश्चात याग मंडल विधान, प्रतिष्ठा मंत्रोच्चार, वेदी में नवीन प्रतिमा को स्थापना, श्रृंगार एवं गोद भराई के पश्चात विश्वशांति महायज्ञ किए। महोत्सव में सह प्रतिष्ठाचार्य पं गुलाब चंद जैन शास्त्री कार्यक्रम को विधिवत संपन्न कराए। जबलपुर से पधारे संगीतकार शुभमराज जैन एवं उनके टीम ने अनेकों भक्तिमय संगीत के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश किए। कार्यक्रम के समाप्ति पर साधर्मी वात्सल्य की व्यवस्था मंदिर परिसर में था जिसे सभी भक्तों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किए।

## सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार वृद्ध घायल

**छपरा।** अमनौर थाना क्षेत्र के धरहरा मठिया के निकट साइकिल सवार एक वृद्ध ब्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मारकर फरार हो गया।घायल वृद्ध खून से लथपथ होकर सड़क पर पड़े हुए थे।गांव के लोगो ने उठाकर सामुदायिक अस्पताल पहुँचाया जहां डॉक्टर ने उनका प्राथमिक उपचार किया। घायल वृद्ध स्थानीय थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी केदारनाथ शर्मा है, जो भूमि के सर्वे को लेकर वंशावली सम्बंधित जानकारी लेकर शनिवार की शाम अमनौर से आ रहे थे।

## जनसुराज की सरकार जनता की सरकार होगीः मुन्ना भवानी

**केटी न्यूज/छपरा**

रविवार को मुस्लिम लीडरशिप कॉन्फ्रेंस के लिए जिले से जनसुराज के कार्यकर्ता पटना गए। पटना जाने के पूर्व ब्रजेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना भावनी ने कहा कि आगामी दो अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती पर जनसुराज का राजनीतिक दल में परिवर्तन होगा।वर्तमान समय में आम जनता राजनीतिक दलों से ऊब गई है और आने वाला समय जनसुराज के विचारों के समर्थन देने वाला होगा। स्वच्छ विचारधारा एवं जनहित मुद्दे को लेकर जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की पूरे बिहार की पैदल यात्रा के दौरान जो जन समर्थन एवं आम लोगों का जुड़ाव देखने को मिला। इस दौरान प्रशांत किशोर के के द्वारा जनसंवाद के माध्यम से आम लोगों को वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर परिचर्चा के कारण लोगों के बीच जनसुराज का आधार बढ़ा है। जनसुराज का संविधान जनता का होगा, सरकार जनता की होगी, इस पर शासन करने वाले भी जनता का होगा। जिलाध्यक्ष बच्चा राय एवं खुर्शीद नैयर के नेतृत्व में एकराम खान, कमरुल साहब, साबिर अली, नीरज तिवारी, सदाम हुसैन, दिल मोहम्मद, सलमान हुसैन, नाजिर हुसैन, मोहम्मद इदरीस, मोहम्मद जमालुद्दीन, रुस्तम आलम सहित सैकड़ों जनसुराज के कार्यकर्ता पटना कॉन्फ्रेंस में सम्मिलित होने गए।

### पवना थाना क्षेत्र के खनेट गांव में बीमार बेटे की मौत पर भड़के लोग

# जादू टोना का आरोप लगा पड़ोस के बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

- मृत विकास मित्र के पिता ने अपने भतीजे पर लगाया बुजुर्ग की हत्या का आरोप
- आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी



**केटी न्यूज/आरा**

जिले में विकास मित्र की मौत के बाद आरोपितों ने पड़ोस के बुजुर्ग की ओझा-गुनी का आरोप लगाकर पीट-पीटकर कर हत्या कर दी गई। घटना जिले के पवना थाना क्षेत्र के खनेट गांव की है। जिसमें गांव के निवासी विकास मित्र कर्मचारी कृष्णा मुसहर के मौत होने के बाद उसके परिजनों ने बुजुर्ग पति मुसहर पर जादू टोना करने का आरोप लगाते हुए लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी। मृतक के शरीर में चेहरे के दाहिने तरफ आंख के बगल में खून बहता जख्म, नाक एवं मुंह से खून बहता जख्म का निशान पाया गया है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है।

वहीं घटना के बाद विकास मित्र के परिजन घर छोड़ फरार हो गए हैं। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पवना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पवना थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदद अस्पताल में कराया। इसके बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतकों में पवन थाना क्षेत्र के खनेट गांव निवासी 70 वर्षीय पति मुसहर एवं उसी गांव के रहने वाले राम अवतार मुसहर का 32 वर्षीय बेटा कृष्णा मुसहर शामिल है।

**पांच-छह महीनों से बीमार चल रहा था कृष्णा :** इधर मृतक विकास मित्र कृष्णा मुसहर के पिता राम अवतार मुसहर उर्फ ढोरा ने बताया कि उनका बेटा कृष्णा मुसहर विकास मित्र में सरकारी कर्मचारी था और दो वर्ष पूर्व उसका नौकरी लगी थी। वह करीब पांच-छह महीनों से बीमार चल रहा था। कई जगह उन लोगों द्वारा उसका इलाज भी कराया गया। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार न हुआ। इसके बाद वे लोग जब भी और कहीं भी जादू टोना करने वालों से उसे दिखाते तो उनके पड़ोसी पति मुसहर का नाम सामने आता था। इसी बीच शनिवार की रात उनके बेटे कृष्णा मुसहर की मौत हो गई। जिसके बाद वे लोग आक्रोशित हो गए और उन लोगों द्वारा जादू टोना करने का आरोप लगाते हुए पड़ोसी पति मुसहर की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या करने के बाद कृष्णा मुसहर के परिवार के सभी सदस्य घर छोड़ फरार हो गए। मामले में अवतार मुसहर ने अपने भतीजे ललन मुसहर पर लाठी-डंडों से पीट-पीटकर पति मुसहर को मारने की बात कही।

**गांव में अशिक्षा के कारण हुई यह घटना :** वह इस मामले में वही इस मामले में अगिआंव विधायक शिव प्रकाश रंजन जो की खानेट गांव के ही रहने वाले हैं उन्होंने बताया कि विकास मित्र की तबीयत खराब थी उनकी अचानक मौत हो गई थी। गांव में अशिक्षा के कारण लोगों में अंधविश्वास ज्यादा है। इसलिए जादू टोना का आरोप लगाकर आपस में लोग भिड़ गए। उसी में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। आजादी के इतने सालों बाद भी गांव में इस तरह की अशिक्षा है। अशिक्षा के कारण है यह घटना घटी है गांव में लोग आपस में भूत-प्रेत और पाखंड के चक्कर में पड़ कर आपस में लड़ जाते है।

### एसपी ने वीडियो जारी कर दी जानकारी

वहीं, इस मामले में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने वीडियो जारी कर बताया कि शनिवार की रात्रि लगभग 11:00 बजे के आसपास सदर अनुमंडल अंतर्गत पवना थाना के खनेट गांव के मुस टोली मारपीट की सूचना प्राप्त हुई। उसके बाद तत्काल थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचते हैं तो पता चलता है कि खनेट गांव के रहने वाले कृष्णा जिसकी उम्र लगभग 35 साल के आसपास है काफी बीमार चल रहा था। जिससे उसकी मृत्यु हो गई थी।

उसके बाद कृष्णा मुसहर के परिजनों द्वारा पड़ोस में रहने वाले पति मुसहर के ऊपर आरोप लगाया गया कि उसने जादू टोना करके कृष्णा की जान ले लिए इसके बाद कृष्ण के परिजन ने पति मुसहर के ऊपर लाठी डंडे से मारपीट चालू कर दिया। जिससे लगभग 75 साल की उम्र के पति मुसहर की चोट लगने से बाद में मृत्यु हो जाती है। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है तथा वैज्ञानिक अनुसंधान कर रही है। हालांकि इस घटना में शामिल अभियुक्त घर से फरार हो गए थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। फिलहाल घटनास्थल पर विधि व्यवस्था नियंत्रण में है। उन्होंने यह आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 24 घंटे में पुलिस ने दो अपराधियों को भेजा जेल

- पारिवारिक विवाद में आरोपित व उसके दोस्त ने मिलकर की थी दादा की हत्या

**केटी न्यूज/सासाराम**



जिला में मुख्यमंत्री के आगमन से महज 48 घंटे पूर्व जिला मुख्यालय सासाराम में गोरक्षणी स्थित बजरंग पाठशाला स्कूल के सामने एक 70 वर्षीय वृद्ध लालदेव पासवान को गोली मार दी गई थी। इस वारदात के बाद शहर में सनसनी फैल गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही सासाराम नगर थाना ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज किया और त्वरित जांच शुरू की।

पुलिस ने मामले में वैज्ञानिक अनुसंधान और सटीक जांच करते हुए घटना के 24 घंटे के अंदर ही इस मामले का खुलासा कर दिया। जिसके बाद पुलिस की टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी अश्वनी कुमार उर्फ नागा, मृतक के बेटे बिशुनी पासवान पुत्र है। वहीं, मामले में उसके साथी शशि कुमार, पिता जितेंद्र सिंह ने पारिवारिक विवाद के चलते इस हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस के सामने दोनों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। वहीं, नगर सासाराम पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की हर जगह सराहना हो रही है। अब देखना यह है कि आगे इस केसकांड में क्या मोड़ आता है।

## जर्जर सड़क से ग्रामीण परेशान अधिकारियों का नहीं कोई ध्यान

**केटी न्यूज/काराकाट**

करमा गांव के सरकारी विद्यालय से बाहर होते हुए अमरथा गांव टावर तक जाने वाली सड़क, जो प्रधानमंत्री योजना के तहत 2012 में बनी थी, अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। ग्रामीण इस स्थिति से बेहद खफा हैं। उनका कहना है कि यह सड़क उनके लिए जीवन रेखा थी, लेकिन अब यह खतरनाक हो गई है। गांव के लोग बार-बार प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी आवाजें सुनाई नहीं दे रही हैं। सड़क के गड्ढे और टूटे फूटे हिस्से दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी इस स्थिति का सामना कर रहे हैं। इस जर्जर सड़क के कारण गांव के विकास पर भी असर पड़ा है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई, तो हालात और भी ज्यादा खराब हो जाएगी।

लोगों का कहना है कि अब समय आ गया है कि संबंधित अधिकारी इस समस्या का समाधान करें। क्या प्रशासन उनकी आवाज सुनेगा? ऐसे में ग्रामीण लोगों ने प्रशासन पर कई सवाल खड़ा की पप्पू सिंह, चुलबुल सिंह, निरजंन सिंह, रामकुमार सिंह, अनील, गदेल पांडेय, अनील सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने असंतोष जताया।




### वैश्य एकता मंच संझौली के तत्वावधान में गणिनाथ जयंती के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# भोजपुरी कलाकारों के भक्ति भजन पर रात भर झूमे श्रोता

**केटी न्यूज/संझौली**



शंत शिरोमणि बाबा गणीनाथ गोबिंद जी की जयंती समारोह के अवसर पर वैश्य एकता मंच संझौली द्वारा शनिवार की संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भोजपुरी प्रसिद्ध गायिका शिवानी सिंह, प्रीति तराणां, धनंजय शर्मा व रंजन रंगीला ने कई भजन गाकर लोगों को रात भर झूमया।

वहीं उद्घोषक अनिल विश्वास तथा म्यूजिशियन की टीम ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। भोजपुरी कलाकारों ने बाबा गणीनाथ की भजन सुनाकर लोगों को भक्ति रस में डूबो दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवी गीत से की गई। इससे पहले कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि भोजपुर एमलसी राधा चरण सेठ के पुत्र कन्हैया प्रसाद ने किया। वहीं आयोजकों ने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि कन्हैया प्रसाद, जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ई. प्रभात कुमार, बिक्रमगंज पूर्व चेयरमैन गुप्तेश्वर प्रसाद, पंचायत मुखिया मिथलेश सिंह, सरांव पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजू प्रधान, संझौली पंचायत पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह,चांदी इंग्लिश पंचायत पैक्स अध्यक्ष विजय राय, लोजपा (आर) रोहतास उपाध्यक्ष अरुण सिंह, रौनियार संघ अध्यक्ष कोचस सुनील गुप्ता,बुचुल सिंह,शिव नाथ गुप्ता आदि कई लोगो को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। कन्हैया प्रसाद ने बाबा गणिनाथ की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी महिमा को बताया। उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ई. प्रभात कुमार ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि शुरू से ही मेरे पिता का वैश्य समाज से लगाव रहा है। उनका सभी जातियों से बेहतरीन सम्बंध था। आज उन्ही की मार्ग पर चलने का प्रयासरत जारी है। उन्होंने कहा कि शिव सरोवर तालाब की सौंदर्यकरण के लिए जिला परिषद फंड से दो सौ फीट व संझौली पंचायत मुख्या द्वारा तीन सौ फीट घाट का निर्माण कराया गया है। अंत मे उन्होंने कहा कि उनकी पूजा से न केवल आध्यात्मिक लाभ मिलता है, बल्कि जीवन में शांति और समृद्धि भी प्राप्त होती है। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, सचिव बिजेन्द्र प्रसाद, वैश्य एकता मंच के अध्यक्ष रबिन्द्र प्रसाद उर्फ मंटू जी, विशाल कुमार, अंकित कुमार,मनु गुप्ता, बिशिष्ट गुप्ता, कुमार, बिट्टू कुमार, विवेक कुमार, विशाल कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, बैधनाथ प्रसाद गुप्ता,मदन प्रसाद, रवि कुमार, हिमांशु कुमार, प्रिंस कुमार, गौरव कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# ...सिर्फ तबादला कर बला हटाने में जुटे बलिया के पुलिस कप्तान विक्रांत वीर

तिलक कुमार / बलिया

◆ उप निरीक्षक होने के बावजूद ढाई वर्षों से संभाल रहे थे सिकंदरपुर थाने की कमान

अपने कारनामों के चलते लंबे समय से सुर्खियों में रहने वाले सिकंदरपुर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार पाठक का तबादला आखिरकार हो ही गया। रविवार को एसपी विक्रांत वीर द्वारा जारी 15 उप निरीक्षक, आठ निरीक्षक, तीन मुख्य आरक्षी और तीन आरक्षियों के तबादला सूची में उप निरीक्षक दिनेश कुमार पाठक का नाम भी शामिल है। सबसे हैरत की बात यह है कि उप निरीक्षक होने के बावजूद दिनेश कुमार पाठक को लगभग ढाई वर्षों से सिकंदरपुर जैसे संवेदनशील थाने की कमान विभाग ने सौंप रखी थी। जबकि इस थानाध्यक्ष के खिलाफ क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी भी कई बार आवाज उठाए थे। लेकिन किसी पुलिस अधीक्षक की मजाल नहीं थी कि दिनेश कुमार पाठक को सिकंदरपुर थाने से हटा दें।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि निवर्तमान सिकंदरपुर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार पाठक के कार्यकाल में ही सिकंदरपुर के कठौरा गांव में बड़े पैमाने में कच्ची दारू के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ हुआ था। इतना ही नहीं अभी एक महीना पहले भांटी गांव में घाघरा नदी के किनारे जिस नवीन कुमार राम का कंकाल मिला था, उसमें दिनेश कुमार पाठक की भूमिका अहम थी। क्योंकि नवीन कुमार राम की गुमशुदगी को पाठक जी बड़े हल्के में लिए थे। नतीजन क्या हुआ था इससे पूरा जनपदवासी वाकिफ है।

इतना ही नहीं सिकंदरपुर थाने के स्थानीय पत्रकारों ने जब आवाज उठाना शुरू किया तो जनाब पाठक जी ने पत्रकारों को थाने में आने पर ही पाबंदी लगा दी थी। एक से बढ़कर एक कारनामे के बावजूद चाहे एसपी राजकरण नैय्यर हो या फिर एसपी देवरंजन वर्मा किसी की मजाल नहीं थी कि उप निरीक्षक दिनेश कुमार पाठक का बाल बांका कर दें। हालांकि यह जहमत एसपी विक्रांत वीर ने जरूर उठाई है, लेकिन उप निरीक्षक दिनेश कुमार पाठक का तबादला कर उन्हें अब सहतवार भेज दिए हैं। ऐसे में यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा सिकंदरपुर में पुलिस महकमे की किरकिरी होते देख दिनेश कुमार पाठक का तबादला कर एसपी विक्रांत वीर ने सिर्फ बला हटाने का काम किया है।



### सीजेएम के आदेश पर दिनेश कुमार पाठक पर दर्ज हुआ था मुकदमा

**बलिया।** सिकंदरपुर क्षेत्र के भरथांव गांव के एक मामले में निवर्तमान थानाध्यक्ष दिनेश कुमार पाठक फर्जी चार्जशीट लगा दिए थे, जिसको लेकर पीड़ित की अपील कर सीजेएम न्यायालय के आदेश पर दिनेश कुमार पाठक के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

परियोजनाओं के निर्माण के दौरान गुणवत्ता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

# जिलाधिकारी ने दो निमार्णाधीन परियोजनाओं का किया निरीक्षण

केटी न्यूज / मऊ


जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने जनपद में निमार्णाधीन दो परियोजनाओं का निरीक्षण किया। पहली परियोजना जिसके अंतर्गत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में निर्माणधीन सिंथेटिक हॉकी का मैदान, बोरिंग पंप, इंटरलॉकिंग, आरसीसी यू जी टैंक, लाइट कार्य एवं नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। इस परियोजना की स्वीकृति 11 जनवरी 2024 को मिली, जिसकी कुल लागत 1163.84 लाख रुपए है।इस परियोजना के पूर्ण होने की तिथि 31 मार्च 2025 निश्चित है। इस दौरान होने वाले समस्त निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने सारे कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदाई संस्था यू पी सिडको के अधिशासी अभियंता को गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर रिकवरी के साथ ही कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।दूसरी निर्माणधीन परियोजना जनपद न्यायालय मऊ में पारिवारिक न्यायालय के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस परियोजना की कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल है। इस परियोजना की स्वीकृति 7 जनवरी 2022 को मिली थी जिसकी कुल लागत 1720.73 लाख रुपए है। इस परियोजना के तहत कुल चार पारिवारिक न्यायालयों का निर्माण किया जाना है। परियोजना के पूर्ण होने की तिथि 31 दिसंबर 2024 है, परंतु अभी तक द्वितीय तल पर पैकेट- ए एवं पॉकेट- बी के स्लैब कास्टिंग का कार्य पूर्ण हुआ है, जबकि प्लास्टर व ब्रिक वर्क का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था के अधिशासी अभियंता को समय सीमा का विशेष ध्यान देने को कहा, जिससे निश्चित समय सीमा के अंदर इस परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। साथ ही गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इन परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के अधिशासी अभियंता एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।





# शासन के निर्देश के विपरीत पंचायत सचिवों की हो रही तैनाती

केटी न्यूज / रेवतीपुर/गाजीपुर



शासन ने ग्राम पंचायत सचिवों की तैनाती में अधिकारियों के द्वारा सचिवों को उनके मनपसंद ग्राम पंचायतें आवंटित करने के खेल पर शासन ने रोक लगा दी है। इसके बाद भी अधिकारियों के द्वारा शासन के निर्देश के विपरीत सचिवों की तैनाती में लगे हैं। लोगों ने बताया कि इन सचिवों के नियमों के विपरीत तैनाती के कारण एक तरफ जहां गांव का विकास कार्य प्रभावित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर इसके चलते भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

मामूम हो कि रेवतीपुर में कुल 46 ग्राम पंचायतें, जिसकी आबादी करीब दो लाख से अधिक है, वहाँ कुल 18 कलस्टर समूह बनाए गये हैं। शासन ने सचिवों की तैनाती के लिए नई व्यवस्था के तहत करीब दस हजार की आबादी पर ग्राम पंचायतों का एक क्लस्टर (समूह) बनाया गया है। इसमें एक क्लस्टर से बाहर पंचायत सचिव की तैनाती नहीं किए जाने का प्रावधान है। लोगों ने बताया कि कई ऐसे सचिव हैं जिन्हें शासनादेश के नियमों के विपरीत कलस्टर से बाहर तैनात किया गया है। इसका सीधा असर गावों के विकास पर पड़ रहा है। कलस्टर से बाहर तैनाती दिए जाने से सचिव गांव पंचायतों में समय नहीं दे पा रहे हैं। इसके कारण पंचायतों का विकास का पहिया रूका पड़ा है।

शासन ने भ्रष्टाचार और मनमानी पर रोक के लिए 2011 की जनसंख्या के आधार पर निर्धारित आबादी पर क्लस्टर तैयार किया गया था। ताकि कलस्टर समूह के विपरीत सचिवों की तैनाती न हो सके। बावजूद अधिकारी शास?नादेश के नियमों को धत्ता बता मनमानी पर उतारू है।नियमों के तहत दो क्लस्टर में एक सचिव तैनात किया जाएगा। सचिव कम हैं और समूह अधिक तो निकटतम क्लस्टर प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी को इसकी सूचना देगा। वह जिलाधिकारी की अनुमति पर ही सचिव की तैनाती कर सकेंगे। मालूम हो कि? विकास कार्यों में प्रधानों संग सचिवों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है,अधिकतर कार्य इन्हीं दोनों की सहभागिता से कराए जाते हैं,इसके साथ ही भुगतान में भी दोनों का डोंगल संयुक्त रूप से लगता है। एक सचिव के पास कई गांव होने से विकास कार्य प्रभावित होते है।

जिसको देखते हुए यह क्लस्टर बनाया गया। डीपीआरओ अंशुल मौर्या ने बताया कि कलस्टर समूह के विपरीत सचिवों की तैनाती नहीं की जा सकती है,अगर ऐसा है,तो इसकी जांच कर सम्बन्धित के खिलाफ कर कार्यवाई की जाएगी।

## एसपी ने की अपील, जनपदवासी पुलिस की मदद करने को लें प्रण

केटी न्यूज / बलिया

जिले में साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिये पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। इसके लिये पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने जनपद वासियों से अपील है कि वे खुद को तथा अपने परिवार को अपने जनपद बलिया को अपराध मुक्त रखने में पुलिस की मदद करने का प्रण लें। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया है कि वे प्रण लें कि कभी किसी को अपने एटीएम का पासवर्ड नहीं बताऊंगा। फोन पर तो कभी नहीं। लेनदेन संबंधी कोई भी वार्ता किसी सार्वजनिक स्थान या वाहन में बैठकर नहीं करूंगा, फोन पर भी नहीं। बैंक के अन्दर किसी अनजान व्यक्ति का सहारा नहीं लूंगा, न ही किसी अनजान व्यक्ति पर विश्वास करूंगा। कभी भी किसी एटीएम बूथ में किसी दूसरे को अपना कार्ड चेक करने के लिए नहीं दूंगा। बस, ट्रेन में किसी का दिया कुछ भी नहीं खाऊंगा, पियूंगा, चाहे वह व्यक्ति उसे खुद भी क्यों न खा पी रहा हो। अपने दरवाजों पर इंटरनल लॉक लगवा लूंगा, ताकि बाहर से ताले लटके न दिखें। अपने घर, दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवा लूंगा। अगर मेरे मोहल्ले में कोई संदिग्ध व्यक्ति, जैसे कोई फेरीवाला, कबाड़ी या घुमंतू दिखेगा तो मैं इसकी सूचना सम्बन्धित चौकी अथवा थानें को दूंगा। बस अड्डा या टैक्सी-टेंपो स्टैंड से ही अधिकृत गाड़ी में ही सफर के लिए बैठूंगा, किसी अनजान से लिफ्ट नहीं लूंगा। अजनबी व्यक्ति, फेरी लगाने वाले, गैस चूल्हा सफाई, फल-सब्जी वाले आदि किसी को भी घर के अंदर नहीं घुसने दुंगा। गोवंशों के अवैध परिवहन की सूचना तथा अवैध बूचड़खानों की सूचना संबन्धित थाना या चौकी को दूंगा। मनबढ़ लड़कों के द्वारा गोल बनाकर या गैंग बनाकर बदमाशी करने की सूचना संबन्धित थाना या चौकी को दूंगा।

## 72 घंटे के लिए भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व प्रधान परमहंस सिंह

**सिंहपुर।** क्षेत्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले फेफना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रनों के ठहराव सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर विगत 32 दिनों से धरना प्रदर्शन एवं अनशन चल रहा है। शनिवार को 72 घंटे के लिए भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व प्रधान परमहंस सिंह का अनशन रविवार को भी जारी रहा। वहीं, क्षेत्रीय संघर्ष समिति के संयोजक जनार्दन सिंह द्वारा चार सितम्बर से आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा किये जाने से रेलवे प्रशासन की बेचैनी बढ़ गई है। चार सितंबर से शुरू हो रहे आमरण अनशन को लेकर क्षेत्र में जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करके क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में फेफना जं. रेलवे स्टेशन पर पहुंचने की अपील की जा रही है। छात्रनेता एवं नौजवान गांव-गांव में भ्रमण कर जनसंपर्क कर रहे है। साथ ही उन दिन फेफना बाजार को बंद करने के लिए दुकानदारों से अपील की जा रही है।

## रेल सह सड़क पुल से खतरनाक सटंट करते हुए गंगा नदी में छलांग लगाने वाला युवक गिरफ्तार

केटी न्यूज / गाजीपुर



गंगा नदी पर स्थित रेल सह सड़क पुल से खतरनाक सटंट करते हुए नदी में छलांग लगाने वाले युवक दया चौधरी उर्फ शेखा (22) को?? आरपीएफ ने सुहवल थाना क्षेत्र के युवराजपुर में छापेमारी कर दबोच लिया। आरपीएफ ने पकडे गये आरोपी युवक को रेलवे पुलिस पोस्ट थाना ले जाकर कड़ी पूछताछ के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर और मेडिकल मुआयना कराने के बाद उसे सक्षम मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को जेल भेंज दिया गया।

रेलवे सुरक्षा बल की यह छापेमारी इतनी गोपनीय थी कि सुहवल थाना पुलिस को इस कार्रवाई की भनक तक नहीं लगी और लोग मुकामी पुलिस से पूछते रहे कि किस पुलिस ने पकड़ा है ? कहां ले गई है ? आरपीएफ की इस कार्रवाई के बाद रेल पुल पर चढ़कर या उसके आस-पास ट्रैक किनारे खड़े होकर रील बनाने, फोटो शूट करने, जानलेवा स्टंट करने वालों में हडकंम्प मचा हुआ है।

आरपीएफ निरीक्षक अमित राय ने बताया कि एक दिन पूर्व एक युवक रेल पुल से नदी में जानलेवा स्टंट किया था। उसकी तलाश में आज रेलवे सुरक्षा बल के उप निरीक्षक कमलेश सिंह, हेड कांस्टेबल कृष्ण गोपाल शुक्ल और अजीत सिंह नवनिर्मित रेल सह सड़क पुल के अगल बगल गश्त कर रहे थे। बता दें कि इस दौरान सूचना मिली कि उक्त स्टंटबाज अपने गांव सुहवल थाना क्षेत्र के युवराजपुर में अपने हेयर कटिंग सैलून पर मौजूद है। इसके बाद आरपीएफ की टीम उक्त गांव के युवक के दुकान पर धमक पड़ी। बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी युवक ने खुद ब खुद नदी में रेल पुल से खतरनाक स्टंट करने का गुनाह कबूल किया। इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया।

आरपीएफ निरीक्षक अमित कुमार राय ने बताया कि हिरासत में लिया गए युवक ने पूछताछ में बताया कि वह रील बनाने और इंस्टाग्राम पर अपलोड कर खुद सुर्खियां बटोरना चाहता था।

## एक नजर

### दो परिवारों को 'मदद संस्थान' ने किया मदद

**दुबहर।** मानवता की सेवा में तत्पर मदद संस्थान ने रविवार को सिकंदरपुर और मनियर में जाकर दो जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक मदद देकर उनकी सहायता की। ज्ञात हो की मदद संस्थान द्वारा समाज के असहाय, लाचार पीड़ित एवं मजबूर लोगों की हमेशा मदद कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को मदद संस्थान की टीम ने सिकंदरपुर क्षेत्र के भरथाव गांव निवासी संजय राजभर के इलाज के लिए 5000 का चेक प्रदान किया। वहीं मनियर नगर पंचायत के कम्युनिस्ट मोहल्ला में मृतक डब्लू राजभर की पत्नी सुनीता देवी को परिवार के भरण पोषण के लिए 5000 का चेक प्रदान किया। इसके साथ ही विधवा पेंशन, राशन कार्ड आदि बनवाने की भी पहल की गई। इस मौके पर नवानगर ब्लॉक के अध्यक्ष अजय तिवारी, मनियर ब्लॉक के अध्यक्ष अनूप कुमार पर्वत, अरुणेश पाठक, जितेंद्र उपाध्याय, शंकर प्रसाद चौरसिया, बब्बन विद्यार्थी, रणजीत सिंह, श्रीभगवान चौधरी, मुमताज शाह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### एचटी तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**बलिया।** उभांव थाना क्षेत्र के बहुताचक उपाध्याय गांव में रविवार को नवनिर्मित भवन की छत के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही उभांव पुलिस मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बहुताचक उपाध्याय गांव निवासी दीपक यादव 40 वर्ष पुत्र सूर्यभान यादव अपने नवनिर्मित भवन के छत पर सुबह करीब 11 बजे साफ-सफाई कर रहे थे। इसी बीच दीपक छत के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए और गम्भीर रूप से झुलसने के बाद छत से नीचे गिर गया। जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक मृदुभाषी व बहुत मिलनसार था। घटना के बाद पत्नी, बच्चे सहित परिजनों का रोते- रोते बुरा हाल है। मृतका का एक 15 व एक 13 वर्ष का दो पुत्र है।

### आज मनेगा बाबा कीनाराम का जन्मोत्सव

**गाजीपुर।** वैष्णो स्थल बाबा कीनाराम की तपोस्थली नायकड़ीह में 425वां जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से कल मनाया जाएगा। तीन दिन चलने वाला उत्सव एक दिन ही रहेगा। सुबह भक्त बाबा का जलाभिषेक करेंगे। हवन-पूजन के साथ सोहर गीत पच दोहा होगा। इसके बाद भक्तों में प्रसाद वितरण किया जाएगा। मठ कार्यक्रम किनाराम प्रबंध समिति की प्रबंधक रामकृष्ण सिंह ने श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि एक साथ ज्यादा से ज्यादा लोग जुटें। जन्मोत्सव कार्यक्रम में बाबा के दर्शन -पूजन कर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम होगा। रात्रि में भक्ति संगीत, प्रवचन और दिन में दर्शन पूजन होता था। जन्मोत्सव के मौके पर क्षेत्र की महान हस्तियां यहां आकर दर्शन पूजन कर पुण्य लाभ लेती रही हैं। मठ के कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि इस बार सादगी से यह कार्यक्रम हो रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से मठ न आकर घरों में ही बाबा का जन्मोत्सव मनाने का आह्वान किया।

### बड़ौदा यू.पी. बैंक सहादतपुरा की नयी शाखा का उद्घाटन

**मऊ।** बड़ौदा यू.पी. बैक शाखा सहादतपुरा के नये परिसर का उद्घाटन बड़ौदा यू.पी. बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र पाल ग्रोवर के द्वारा किया गया । इस अवसर पर श्री ग्रोवर ने कहा कि हमारे बैंक से ग्राहको को आधुनिक ऋण सुविधाये जैसे गोल्ड लोन, प्रधान मंत्री विश्वकर्मा एवं सूर्यघर योजना, इण्टरनेट बैकिंग एवं मोबाइल बैकिग, गृह ऋण, सूक्ष्म लघु उघोग ऋण (एम.एस.एम.ई.) स्वयं सहायता समूह ऋण आदि की सुविधा मिलेगी । उन्होंने बताया कि इसके अलावा बैंक द्वारा प्रगति रूपे क्रेडिट कार्ड की सुविधाये भी मिल रही है। इस अवसर पर क्षेत्रो में प्रबंधक उमाशंकर सिंह क्षेत्रीय उप क्षेत्रीय प्रबंधक वृजेन्द्र नागराजन तथा शाखा प्रबंधक दीपक कुमार एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी व सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे।

जिला कार्यालय में आयोजित किया गया स्वागत समारोह, कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्प गुच्छ किया भेंट

# राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य बनाए जाने पर डा. मुराहू राजभर का जनपद में भव्य स्वागत

केटी न्यूज / गाजीपुर

राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य बनाए जाने के बाद डा. मुराहू राजभर का भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया। जिला कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में भाजपा नेताओं तथा कार्यकताओं ने डा. मुराहू राजभर का माल्यार्पण कर पुष्प गुच्छ भेंट किया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना व्यक्त कर बधाई दी तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मिठा कराया।




इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने समाज के अत्यंत वरिष्ठ नेता जो लगातार जिम्मेदार दायित्वों का निर्वहन कर संगठन और समाज मे सामंजस्य स्थापित कर लोगों की सेवा करते रहे हैं इनको पिछड़ा वर्ग आयोग का सदस्य बनाए जाने से समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद को न्याय मिलेगा। कहा कि इसके लिए हम बधाई देते हुए शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार धन्यवाद व्यक्त करते हैं।

पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि डा. मुराहू राजभर पार्टी के विचार सिद्धांत के प्रति सदैव समर्पित होकर काम करते रहे हैं। बताया कि डा. मुराहू राजभर भाजपा महामनिषियों के सोच और सपनों को साकार कर कतार के अंतिम व्यक्ति के लिए काम करेंगे ऐसी हम उम्मीद करते हैं। स्वागत से अभिभूत डा. मुराहू राजभर ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता के रुप मे हमने सदैव नागरिक कर्तव्यों आदर्शों का पालन किया है।

लोगों को मिले जिम्मेदारी के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और सरकार की अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रवीण सिंह, सुरेश बिंद,राजन प्रजापति,रासबिहारी राय, सुशील सिंह,मनोज बिंद, गोपाल राय, हंसराज राजभर, शशिकांत, रामेश्वर तिवारी, सूर्य प्रकाश यादव, शनि चौरसिया आदि उपस्थित थे।

## कच्ची दारू पर रोक लगाने के लिए एक्शन में आई मनियर पुलिस

**बलिया।** कच्ची शराब बनाने व तस्करी रोकने में बदनाम हुई पुलिस ने इस धन्धे पर रोक लगाने के लिए अब नया हथकंडा अपनाया। रविवार को ककरघट्टा खास गांव में ग्रामीणों संग बैठक कर सहयोग करने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए मनियर थानाध्यक्ष रत्नेश दुबे ने ने कहा कि घाघरा के तटवर्ती गांव में कच्ची शराब बनाने व नदी में नाव के सहारे बिहार में ठिकाने लगाया जाता है। जिसकी शिकायत बार-बार मिलती है। क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने व तस्करी रोकने में आप सभी ग्रामीणों का सहयोग की आवश्यकता है। जिससे इस पर लगाम लगाया जा सके। ग्रामीणों को अपना सीयूजी नंबर देकर कहाकि इसकी सूचना समय पर उपलब्ध कराएं। पुलिस त्वरित कारवाई के लिए तैयार रहेगी।

# खुशखबरी... नमामि गंगे के तहत उत्तर प्रदेश के लिए 5 परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**केटी न्यूज/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में गंगा नदी के संरक्षण और सफाई के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही योगी सरकार के प्रयासों को एक और कामयाबी मिली है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 56वीं कार्यकारी समिति की बैठक में उत्तर प्रदेश के लिए 73.39 करोड़ रुपए की लागत वाली 5 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य गंगा नदी के संरक्षण और सफाई के लिए कदम उठाना है। ये परियोजनाएं गंगा नदी के प्रदूषण को कम करने और उसके इको-सिस्टम को सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

♦ गंगा नदी के संरक्षण, सफाई और पर्यावरण के लिए अनेक कदम उठा रही योगी सरकार के प्रयासों को मिली एक और कामयाबी

**वाराणसी में स्मार्ट लैबोरेटरी फॉर क्लीन रिवर परियोजना के सचिवालय की स्थापना :** नमामि गंगे और आईआईटी बीएचयू के बीच संस्थागत ढांचे के तहत वाराणसी में स्मार्ट लैबोरेटरी फॉर क्लीन रिवर परियोजना के सचिवालय की स्थापना की जाएगी। यह परियोजना भारत में छोटी नदियों के कायाकल्प के लिए एक महत्वाकांक्षी और महत्त्वपूर्ण पहल है। इस तरह की परियोजना का उद्देश्य नदियों को उनके प्राकृतिक रूप में वापस लाना, जलस्त्रोतों की रक्षा करना और पर्यावरणीय संतुलन को बहाल करना है। इसमें विश्वव्यापी विशेषज्ञता और संधारणीय प्रथाओं का उपयोग करके पानी की गुणवत्ता में सुधार, जल प्रबंधन के स्थायी तरीके और स्थानीय समुदायों की भागीदारी जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

**गंगा की सहायक काली नदी के प्रदूषण को रोकने का प्रयास :** वहीं, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गुलावठी में एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसका उद्देश्य गंगा की सहायक पूर्वी काली नदी के प्रदूषण को रोकना है। इस परियोजना के



अंतर्गत इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन के साथ ही 10 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का भी निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 50.98 करोड़ रुपए है, जिसमें अगले 15 वर्षों के लिए रखरखाव और प्रबंधन भी शामिल है। परियोजना की समयसीमा के अनुसार, राज्य सरकार को अगले 4 महीनों के भीतर इस परियोजना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध करानी होगी।

**रायबरेली के डलमऊ में फीकल स्लज मैनेजमेंट परियोजना को मंजूरी :** नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत रायबरेली के डलमऊ में गंगा नदी के प्रदूषण को कम करने के लिए फीकल स्लज मैनेजमेंट परियोजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना के तहत 8 केएलडी क्षमता वाले प्लांट के साथ 15 किलोवाट के सोलर पॉवर प्लांट की भी स्थापना की जाएगी। यह परियोजना डीबीओटी मॉडल पर आधारित है, जिसकी कुल लागत 4.40 करोड़ रुपए है। परियोजना में इसके रखरखाव और प्रबंधन के लिए पांच साल तक की अवधि भी शामिल है। यह पहल गंगा नदी के प्रदूषण को कम करने और स्थानीय समुदाय को स्वच्छता सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है।

**छिवकी रेलवे स्टेशन पर अर्थ गंगा केंद्र की स्थापना :** प्रयागराज के छिवकी रेलवे स्टेशन पर अर्थ गंगा केंद्र की स्थापना और स्टेशन की ब्रांडिंग की परियोजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना की कुल लागत 1.80 करोड़ रुपए होगी, जिसमें 68.70 लाख रुपए अगले पांच सालों तक इसके रखरखाव और प्रबंधन के लिए खर्च किए जाएंगे। बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि गंगा बेसिन के हर राज्य में अर्थ गंगा केंद्रों का निर्माण किया जाना चाहिए।

इस अर्थ गंगा केंद्र का मुख्य उद्देश्य महाकुंभ मेला और उसके बाद लोगों में गंगा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। वहीं, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा प्रकृति-आधारित समाधानों के माध्यम से ऊपरी गोमती नदी बेसिन में निचले क्रम की धाराओं और सहायक नदियों के कायाकल्प की योजना को भी मंजूरी दी गई। इस परियोजना की अनुमानित लागत 81.09 लाख रुपए है। यह परियोजना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि छोटी नदियां और धाराएं बड़ी नदियों के जल प्रवाह और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने की।

## एक्सप्रेसवे को एटीएमएस समेत अन्य सुविधाओं से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे जल्द होगा एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से लैस

**केटी न्यूज/ लखनऊ**

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे को एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने क्रियान्वित करते हुए एजेंसी निर्धारण व कायावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे पहले, यूपीडा द्वारा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को भी आईटीएमएस युक्त करने की प्रक्रिया को लेकर भी कार्य शुरू किया गया था जो कि निरंतर प्रगति पर है।

**ट्रैफिक मैनेजमेंट कमांड सेंटर में होगी आधार ऑथेंटिकेशन की सुविधा :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे को आईटीएमएस इनेबल्ड बनाने के लिए जो कार्ययोजना तैयार की गई है उसके अनुसार इस एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक मैनेजमेंट कमांड सेंटर की



स्थापना होगी। इसके जरिए ट्रैफिक मॉनिटरिंग व मैनेजमेंट प्रक्रिया को बल मिलेगा। ट्रैफिक मैनेजमेंट कंट्रोल (टीएमसी) यूनिट को रिकॉर्डिंग सर्वर स्टोरेज व बैकअप रिकॉर्डिंग्स सर्वर युक्त किया जाएगा। टीएमसी यूनिट को फैसिलिटी मॉनिटरिंग सिस्टम कंट्रोलर, ग्राफिक डिस्प्ले, इंटरनेट व एसएमएस सर्वर तथा फाइबर चैनल होस्ट से युक्त किया जाएगा। इमर्जेंसी टेलिफोन हेल्पलाइन कंसोल, स्टाफ के लिए आधार इनेबल्ड बायोमीट्रिक फिंगरप्रिंट स्कैनर मशीन समेत विभिन्न प्रकार की सुविधाओं से टीएमसी यूनिट को युक्त किया जाएगा।

**वीआईडीएस व आईडीएस प्रक्रिया को किया जाएगा लागू :** मोशन डिटेक्शन सर्विलांस कैमेरा व व्हीकल स्पीड डिटेक्शन सिस्टम को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ इंस्टॉल किया जाएगा। इससे, ओवरस्पीडिंग करने वाली गाड़ियों के विषय में अलर्ट जारी हो सकेगा और कंट्रोल रूम द्वारा इसे तुरंत ट्रैक किया जा सकेगा।

वहीं, वीडियो इंसिडेंट डिटेक्शन एनफोर्स्ड सिस्टम (वीआईडीएस) तथा इंसिडेंट डिटेक्शन एनफोर्स्ड सिस्टम (आईडीएस) को भी आईटीएमएस प्रक्रिया के अंतर्गत लागू किया जाएगा। चयनित एजेंसी को इन सभी इक्विप्मेंट्स की प्रोक्योरमेंट, इस्टॉलेशन, ऑपरेशन व मेंटिनेंस से संबंधित कार्यों को पूर्ण करना होगा।

# बाबा कीनाराम की सिद्धियां बनीं लोक कल्याण का माध्यमः सीएम योगी

**केटी न्यूज/ चंदौली**

सूबे के मुखिया एवं नाथ परंपरा के पीठ के योगी आदित्यनाथ रविवार को अघोर पंथ के महान संत बाबा कीनाराम की 425 वें जन्मोत्सव समारोह में शिरकत करने रामगढ़ स्थित कीनाराम आश्रम में पहुंचे।

भक्तों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें आज सोनभद्र जाना था लेकिन यह बाबा की कृपा थी कि उन्होंने अपने यहां बुला लिया। बाबा की महिमा का बखान करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बाबा ने अपनी सीद्धियों का प्रयोग समाज के कल्याण और लोक कल्याण के लिए किया था। उनके नाम पर चंदौली में बना मेडिकल कॉलेज लोक कल्याण का साधन बनेगा। कहा कि बाबा ने मुगल आक्रांताओं को फटकार लगाकर भगा दिया था, जो साबित करता है कि एक संत और योगी सत्ता का गुलाम नही होता, बल्कि वह सत्ता को उनके विचारों पर चलने के लिए मजबूर करता है। बाबा कीनाराम ने काशी के क्रीं कुंड को पवित्रता दी वे जन्म से ही विभूति थे। उन्होंने दलित वनवासी जनजाति समुदाय को सशक्त किया। बाबा के समाज सुधार की सोच को अघोर पीठ आगे बढ़ा रहा है। कहा कि राष्ट्र प्रथम के नाम पर हमारी सोच होनी चाहिए तभी बाबा का आशीर्वाद मिल सकता है। उन्होंने बाबा की 425 में जयंती पर सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान सर्व संप्रदाय के अघोर पंथ के पीठाधीश्वर सिद्धार्थ और राम गौतम, अजीत सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, सूर्य मुनि तिवारी आदि मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री योगी ने बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ का लिया आशीर्वाद

**वाराणसी :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक एवं सदस्यता अभियान कार्यशाला में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को दोपहर में वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी पहुंचते ही बाबा काल भैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में मत्था टेका। पुलिस लाइन हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री बाबा के दरबार में पहुंचे और विधि विधान से पूजन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में आदियोगी के दर्शन किए।

# कबड्डी में प्रथम आने पर कॉलेज की बालिकाओं का हुआ सम्मान



**केटी न्यूज / जौनपुर(बरसठी)**

जनपदीय विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता 2024 25 में श्री गणेश विद्यापीठ इण्टर कॉलेज की बालिका टीम जूनियर वर्ग को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शनिवार को विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा टीम की बालिकाओं का सम्मान किया गया । प्रतियोगिता का आयोजन टी डी इण्टर कालेज जौनपुर में हुआ था जिसमें खिलाड़ी सोनाक्षी,माधुरी, नयंशी, आंचल,श्रुति आदि ने सराहनीय प्रदर्शन किया।सम्मान समारोह में विद्यालय के अध्यापक निर्मल त्रिपाठी,जय प्रताप सिंह,राजकुमार सिंह,अजय सिंह,शैलेश सिंह, विपीन कुमार ,रामचंद्र सिंह एवम समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में मंडल स्तर और प्रदेश स्तर पर भी इस जीत को बरकरार रखने की कामनाएं की।

# हर रविवार ,डेंगू पर वार जौनपुर है तैयार... आप पार्टी ने की अभियान की शुरूआत

♦ जौनपुर जिला कार्यकारिणी का भी हुआ गठन

**केटी न्यूज / जौनपुर**

आम आदमी पार्टी जौनपुर के मासिक बैठक रविवार को कलेक्ट्रेट कचहरी के पास स्थित एक मैरिज हॉल में संपन्न हुई। पार्टी के वरिष्ठ साथी ठाकुर प्रसाद राय ने झंडी दिखाकर डेंगू के खिलाफ जागरूकता फैलाने वाले प्रचार वाहन को रवाना किया। इस अभियान का संयोजक प्रदीप मिश्र को बनाया गया। राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के अनुमोदन से प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी ने आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी है। मोहम्मद गालिब शेख व मुरली मनोहर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय सिंह बागी



व अजय यादव उपाध्यक्ष विनोद प्रजापति को जिला महासचिव,विद्याधर मिश्र कोषाध्यक्ष, अमित श्रीवास्तव व सुभाष चंद्र मौर्य को जिला सचिव, ठाकुर प्रसाद राय, बी०एल० मौर्य ,लक्ष्मी नारायण चौरसिया,आशीष यादव,साधना त्रिपाठी सदस्य,जिला कार्यकारिणी बनाए गए हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामरतन विश्वकर्मा ने जनपद के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से अपील की की जनपद के सभी नगर पालिका व नगर पंचायत तथा ग्राम पंचायत में कार्यकर्ता घर-घर जाकर "हर रविवार-डेंगू पर वार" अभियान के विषय में लोगों को जानकारी दें और सभी से यह कहे कि आज से हर रविवार 10 हफ्ते 10बजे,10 मिनट निकालकर अपने घर पर तथा आसपास रुका हुआ साफ पानी निकालकर या फिर उसमें तेल डालकर डेंगू के मच्छरों को पैदा होने से रोकें क्योंकि डेंगू से बचने का सबसे अच्छा उपाय डेंगू के मच्छर पैदा होने ही ना दिया जाय। पूर्वांचल प्रांत प्रभारी डॉ० अनुराग मिश्र ने पार्टी के संगठन विस्तार, कार्यकताओं में अनुशासन एवं प्रशिक्षण आदि पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुरली मनोहर ने बैठक का एजेंडा पढ़कर बिंदुवार एक-एक एजेंट पर सभी कार्यकताओं को संगठित होकर कार्य करने की अपील की। जिला सचिव सुभाष मौर्य ने कहा कि नगर पालिका और नगर पंचायत में नियमित रूप से ना तो फागिंग हो रही है और ना ही साफ-सफाई। कूड़े का निस्तारण भी नियमानुसार नहीं हो रहा है इसके लिए आम आदमी पार्टी आंदोलन करेगी और जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने की मांग करेगी।

## एक नजर

### सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की भतीजी आस्था मौर्य का हुआ एमबीबीएस में चयन



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की छोटी भतीजी कुमारी आस्था मौर्य का चयन एमबीबीएस में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज में हुआ है।कुमारी आस्था मौर्य के एमबीबीएस में चयनित होने पर परिवार, रिश्तेदारों और इष्ट मित्र एवं ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। ज्ञात हो कि आस्था मौर्य की बड़ी बहन कुमारी सौम्या मौर्य का भी दो वर्ष पहले एमबीबीएस में चयन हुआ है जो बीएचयू से एमबीबीएस की द्वितीय वर्ष की छात्रा है। सपा जिलाध्यक्ष की दोनो भतीजियों ने घर पर रहकर एमबीबीएस की तैयारी की सेल्फ स्टडी से दोनों बहनों का एमबीबीएस में चयन होना उनकी होनहार, शिक्षित और शिक्षा के प्रति गंभीरता को प्रमाणित करता है। समाजवादी पार्टी सहित अन्य गणमान्य जनों ने दोनों बेटियों को बधाई आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### फिल्म इमरजेंसी के खिलाफ सिख समाज करेगा प्रदर्शन

**चंदौली।** पीडीडीयू नगर स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सिख समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी में सिख समाज के खिलाफ की गई गलत बयानबाजी और सिखों को गलत तरीके से चित्रित करने के विषय में चर्चा की गई। इसके विरोध में समाज दो सितंबर को प्रदर्शन करेगा। इस विरोध प्रदर्शन में सिख समाज के पुरुष, वृद्ध, जवान, एवं महिलाएं भाग लेंगे।

## श्रेया ग्रुप ऑफ फाउंडेशन की नई पहल

# जरूरतमंदों को मिलेगी घर, शिक्षा और विवाह में सहायता

♦ श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

**केटी न्यूज / वाराणसी**

श्रेया ग्रुप ऑफ फाउंडेशन ने समाज में अपनी जिम्मेदारी को और भी गंभीरता से निभाते हुए, आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों के लिए चार नए सामाजिक प्रोग्राम की घोषणा की है। यह पहल श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय द्वारा वाराणसी के लंका स्तिथ होटल ओजस में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में की गई।

**उन्होंने बताया कि इस पहल में चार प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं:**

1.बी. एम.आई. पी. (बिल्डिंग मटेरियल इनिशिएटिव प्रोग्राम): इस प्रोग्राम के तहत श्रेया फाउंडेशन के श्रेया आशियाना प्रोग्राम के माध्यम से उन जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहयोग दिया जाएगा जो किराए के मकान में रहते हैं या जिनके पास केवल जमीन है और मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है।

2.सी. ई. पी. (चाइल्ड एजुकेशन प्रोग्राम): इस कार्यक्रम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए श्रेया




फाउंडेशन उनकी फीस का भार उठाएगी, जिससे वे अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। यह प्रोग्राम एलकेजी से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए होगा।

3.एच. इ. पी. (हायर एजुकेशन प्रोग्राम): यह प्रोग्राम उन बच्चों के लिए है जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं लेकिन आर्थिक तंगी के कारण सक्षम नहीं हैं। श्रेया फाउंडेशन इन बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगा।

4.जी.एम.आई.पी. (गर्ल्स मैरिज इनिशिएटिव प्रोग्राम): इस प्रोग्राम के तहत श्रेया फाउंडेशन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में सहयोग करेगा। फाउंडेशन द्वारा ज्वेलरी या इलेक्ट्रॉनिक सामान देकर गरीब कन्याओं की शादी के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।

हेमंत कुमार राय ने इस अवसर पर कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज के वास्तविक जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाना है, ताकि सही व्यक्ति को मदद मिले और इसका दुरुपयोग न हो। प्रेस कांफ्रेंस में श्रेया ग्रुप के कई महत्वपूर्ण कर्मचारी और सदस्य भी उपस्थित थे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और इसे सफल बनाने के लिए अपना समर्थन जताया। श्रेया ग्रुप की सीएमडी व श्रेया फाउंडेशन की उपाध्यक्ष संगीता राय और वायस चेयरपर्सन फ्यूचर श्रेया राय भी इस अवसर पर मौजूद रहीं। ये चारों प्रोग्राम फिलहाल श्रेया ग्रुप के सहयोगियों, कस्टमर्स और कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होंगे, और अप्रैल 2025 से आम जनता के लिए भी शुरू कर दिए जाएंगे। श्रेया ग्रुप का यह प्रयास समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने और जरूरतमंदों को बेहतर जीवन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से श्रेया ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन व श्रेया फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय, श्रेया ग्रुप की सीएमडी व श्रेया फाउंडेशन की उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता राय, वायस चेयरपर्सन फ्यूचर श्रेया राय के अलावा श्रेया ग्रुप के कई महत्वपूर्ण कर्मचारी उपस्थित थे, जिनमें रॉयल क्लब मेंबर पी महेश्वर, डी ततैया, बी एम डी, विक्रम चक्रवर्ती, एम श्रीशा, राजेश सिंह, अवधेश कुमार, जमील अहमद, गौरव यादव, नाना जी गंता, गीतकार पंछी जालौनवी, सनी उपाध्यक्ष, विशाल सरोज, अजय मिश्रा, भानु प्रताप सिंह, नमित सिंह, श्याम मिश्रा, विवेक यादव, धर्मेंद्र सिंह इत्यादि। सरिता यादव, संजना मिश्रा, शालिनी त्रिपाठी, कोमल तिवारी और मुमताज अहमद भी श्रेया ग्रुप से जुड़े हुए हैं।

# नौकरानी से दुष्कर्म के आरोपी पूर्व कांग्रेसी नेता को जौनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज / जौनपुर**

कोतवाली क्षेत्र के कजियाना मोहल्ले में कांग्रेस नेता और पूर्व शहर उपाध्यक्ष मुफ्ती मेहंदी के घर में काम करने वाली नौकरानी से दुष्कर्म के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोतवाली थाना अंतर्गत शेख मोहामिद निवासी पीड़िता ने शनिवार को कोतवाली में व पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मुफ्ती मेहंदी निवासी कजियाना कोतवाली के घर पर 10 वर्षों से झाडू पोछा का काम करती थी। मुफ्ती मेहंदी कहें कि वह प्यार करते हैं शादी करेंगे इसके बाद बहला फुसलाकर मेरे साथ यौन संबंध बना लिए उस समय मेरी उम्र 15 वर्ष थी। मुझे आश्वासन के तौर पर कपड़े और चप्पल आदि दिलवा देते थे। यह क्रम काफी दिनों तक चला। जब मैं शादी के लिए कहती तो वह इधर-उधर की बात कर टाल जाते थे। जब मैं जिद करने लगी तो मुफ्ती मुझे और मेरे घर वालों को जान से मारने की धमकी देने लगे। अंतरंग तस्वीरें दिखाकर धमकी देते बात नहीं मानोगी तो वायरल कर दूंगा। वही फोटो दिखाकर मुझे डरा धमका कर संबंध बनाते रहे। मुझे अन्य लोगों से भी संबंध बनाने को कहते थे, जब मैं मना कर देती थी तो मुझे मारते पीटते थे।

27 अगस्त 2024 को शाम सात बजे मुफ्ती मुझे घर बुलाकर मेरे साथ संबंध बनाने के लिए कहे जब मैं मना



कर दी। फिर मारपीट कर जबरदस्ती संबंध बनाए। मुझसे कहे कि अगर यह बात पुलिस को बताओगी तो मैं तुम्हें तथा तुम्हारे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा।इस मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि मुफ्ती पूर्व में शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष थे, 26 मार्च 2022 को उन्होंने इस्तीफा दे दिया।वर्तमान में वो पार्टी के प्राथमिक सदस्य हैं या नहीं इसके बारे में जानकारी नहीं है हां पूर्व में वो पार्टी के पदों पर रहे है अभी उनके ऊपर कोई आरोप सिद्ध नही है।

वही इस मामले में बात करते हुए मिथिलेश मिश्रा,शहर कोतवाल ने बताया की कांग्रेस नेता मुफ्ती मेंहदी को नौकरानी की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया।

